संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -311 गुरूवार ,14 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

पुलिस की मीडिया ब्रीफिंग पर मैनुअल होगा तैयार

» सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिया निर्देश

नई दिल्ली, 13 सितम्बर 2023(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पुलिस अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली मीडिया ब्रीफिंग पर एक व्यापक मैनुअल तैयार करने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया कि जांच एजेंसियों द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट आरोपियों पर अपराध को प्रभावित करने वाली व्यक्तिपरक राय पर आधारित नहीं होने चाहिए।

समस्त डीजीपी देंगे अपना सुझाव

सीजेआई डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह आदेश दिया, हम निर्देश देते हैं कि सभी पुलिस महानिदेशक एक महीने के भीतर उचित दिशानिर्देश तैयार करने के लिए अपने सुझाव देंगे। इसके बाद, गृह मंत्रालय दिशानिर्देश तैयार करने के लिए आगे बढ़ेगा।

आरोपी को फंसाने वाली रिपोर्ट अनुचित

पीठ ने कहा कि किसी आरोपी को फंसाने वाली मीडिया रिपोर्टें अनुचित है क्योंकि वे सार्वजनिक संदेह को जन्म देती हैं कि उस व्यक्ति ने केवल जांच के चरण में ही अपराध किया है, जब हर आरोपी निर्दोष होने का अनुमान लगाने का हकदार है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि दिशानिर्देश जनवरी 2024 के मध्य तक उसके समक्ष रखे जाएंगे।

जांच पर असर डालता है खुलासा

वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने सीबीआई सहित अन्य न्यायालयों में पुलिस द्वारा अपनाई जाने वाली मीडिया संबंधी प्रथाओं का मिलान करने के बाद मसौदा दिशानिर्देशों के रूप में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस द्वारा मीडिया में किया गया कोई भी खुलासा न सिर्फ अपराध बल्कि जांच पर भी असर डालता है। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए मीडिया ब्रीफिंग पर पुलिस दिशा-निर्देशों का एक नया ज्ञापन तैयार करने का आदेश दिया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुकदमे के दौरान उनके बचाव में पूर्वाग्रह न हो।

आजम खान के कई ठिकानों पर आईटी की छापेमारी

रामपुर ,13 सितम्बर 2023(ए)। सपा नेता आजम खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स ने सुबह से छापेमारी शुरु कर दी है। ये छापेमारी रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ और आईटी में कुछ जगहों पर चल रही है। आजम खान का अल जौहर ट्रस्ट भी आईटी के रडार पर है। रामपुर में आईटी की बड़ी टीम सर्चिंग में जुटी है। आजम खान के ठिकानों पर बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। हालांकि, अभी तक आयकर विभाग की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। आयकर विभाग की कई टीमें अलग अलग जगहों पर छापेमारी में जुटी हैं।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। आजम खान को हेट स्पीच के मामले में सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द हो गई थी। इसके अलावा आजम खान की रामपुर में मौलाना अली जौहर नाम की यूनिवर्सिटी भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। इसी यूनिवर्सिटी को मौलाना मुहम्मद अली जौहर ट्रस्ट संचालित करता है। आरोप है कि आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी को बनाने के लिए तमाम जमीन अधिग्रहण की थी।

राजद्रोह कानून मामले में केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका

» संविधान पीठ करेगी याचिकाओं पर सुनवाई

नई दिल्ली, 13 सितम्बर 2023(ए)। राजद्रोह कानून (आईपीसी 124) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संविधान पीठ विचार करेगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह मामला आगे विचार के लिए संविधान पीठ को भेज दिया है। इस बेंच में 5 या 7 सदस्य होंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि 1962 में केदारनाथ सिंह बनाम बिहार सरकार के मामले में 5 जजों की संविधान पीठ ने राजद्रोह क़ानून की वैधता को बरकरार रखा था है। चूंकि अभी सुनवाई कर रही बेंच तीन जजों की है, लिहाजा इस छोटी बेंच के लिए उस फैसले पर संदेह करना/समीक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

केंद्र सरकार ने किया था ये आग्रह

दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि इस मामले की सुनवाई को फिलहाल टाल दिया जाए क्योंकि आपराधिक कानून में प्रस्तावित व्यापक बदलावों पर फिलहाल पार्लियामेंट की स्टैंडिंग कमेटी विचार कर रही है, लिहाजा कोर्ट नए क़ानून के वजूद में आने का इतंज़ार कर ले, लेकिन चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर सरकार नया क़ानून भी लाती है तो भी इसके चलते राजद्रोह के पुराने केस खत्म नहीं होंगे। नया क़ानून सिर्फ आगे के मामलों पर लागू होगा। लिहाजा उसके आने के बावजूद आइपीसी की धारा 124ए की संवैधानिक वैधता का सवाल बने रहेगा।

सुको ने पिछले साल लगाई थी रोक

पिछले साल 11 मई को दिए अपने अहम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह क़ानून को निष्प्रभावी कर दिया था। कोर्ट का कहना था कि जब तक सरकार इस क़ानून की समीक्षा कर किसी नतीज़े पर नहीं पहुंचती, तब तक इस क़ानून का इस्तेमाल करना ठीक नहीं रहेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से कहा था कि वो राजद्रोह क़ानून (धारा124 ए) के तहत स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने से परहेज करे। जो मामले पहले ही राजद्रोह के तहत दर्ज किए गए है, उनमें जांच जारी नहीं रहेगी। इसी बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई भी इस क़ानून के आधार पर नहीं होगी।

प्रस्तावित कानून पर सिब्बल का एतराज

हालांकि सरकार ने प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता विधेयक में धारा 124 ए को सीधे तौर पर शामिल नहीं किया गया है। इस प्रावधान में 'देशद्रोह' शब्द के इस्तेमाल से परहेज किया गया है, लेकिन इस तरह अपराध को ÷भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला ज़रूर बताया गया है। आज सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि नया क़ानून पहले से कहीं ज़्यादा खतरनाक है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने कॉलोनाइजर एक्ट में किया बड़ा बदलाव

रायपुर, 13 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ सरकार ने कॉलोनाइजर एक्ट में बदलाव किया है. सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में आर्थिक रुप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वालों के लिए आरक्षित जमीन और मकान के मापदंड में बदलाव किया है

फिर मुश्किल फंसे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर

» पंडित धीरेंद्र शास्त्री को गिरफ्तार करने की उठी मांग

जबलपुर, 13 सितम्बर 2023(ए)। अक्सर सुर्ख़ियों में रहने वाले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक बार फिर अपने बयान को लेकर घिर गए है। जबलपुर में बसोर वेन बंशकार समाज के लोगों ने बाबा पर दलित अत्याचार का मामला दर्ज करने की मांग करने के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल मध्यप्रदेश के जबलपुर में शास्त्री के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज करने का एक ज्ञापन दिया गया है। सैकड़ो की संख्या में बसोर समाज के लोग सड़कों पर उतरे और शास्त्री के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। समाज के लोगों ने मालवीय चौक से घंटाघर तक रैली निकालकर अपना आक्रोश जताया। बसोर समाज के लोगों का कहना है कि जब तक धीरेन्द्र शास्त्री माफी नहीं मांगते आंदोलन जारी रहेगा। इस मामले में समाज के लोगों ने

मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

क्या है पूरा मामला

दरअसल बसोर समाज के लोगों का आरोप है कि पंडित धीरेंन्द्र कृष्ण शास्त्री ने राजस्थान के सीकर में 2 सितंबर को उनकी जाति का अपमान किया। जिससे वो आहत है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में बसोर समाज के लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक युवक बाबा के दिव्य दरबार मे बहस कर रहा है। बाबा खीज रहे हैं जबकि युवक बाबा की कही बात को झुठला रहा है। दोनों के बीच हो रही बातचीत के दौरान युवक खुद को ब्राह्मण कहता है तो धीरेन्द्र शास्त्री जवाब देते है कि हम क्या बसोर हैं। इस वाक्य पर बसोर समाज के लोगों को आपत्ति है।

फ्री में बांटे जाएंगे एलपीजी गैस कनेक्शन

केंद्र सरकार ने दी खुशखबरी

नई दिल्ली, 13 सितम्बर 2023(ए)। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का विस्तार किया है। सरकार ने इस योजना के तहत महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन देने के लिए फंड जारी करने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा- उज्ज्वला योजना के तहत आज तक 9.60 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं और मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अन्य 75 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे ताकि अधिक गरीब और जरूरतमंद महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

कितने रुपये होंगे खर्च

अनुराग ठाकुर ने कहा कि तीन साल में 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी किए जाएंगे, इस पर कुल 1,650 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसी के साथ उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हो जाएंगे। बता दें कि पिछले महीने सरकार ने 75 लाख नए कनेक्शन का ऐलान किया था। इसके लिए फंड को अब कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को जारी की जाएगी। उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई, 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। इस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जाते हैं। पिछले महीने सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटा दिए थे। इस कटौती के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में अब 14.2 किलो के घरेलू स्क्क्र सिलेंडर 903 रुपये में बिक रहे हैं। इसका लाभ उज्जवला योजना के लाभार्थियों को भी मिल रहा है।

जन आशीर्वाद यात्रा में उतरेंगे स्टार

» स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, पुष्कर धामी, हिमंत बिस्वा, देवेंद्र फडणवीस आएंगे एमपी

» बीजेपी ने जारी किया शेड्यूल

भोपाल, 13 सितम्बर 2023(ए)।

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा जारी है। भाजपा इस यात्रा में दिग्गज और स्टार नेताओं को उतार रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मध्य प्रदेश आएंगे। भाजपा ने इसके लिए शेड्यूल तय कर दिया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल कल मध्य प्रदेश आएंगे। जहां वे ग्वालियर और शिवपुरी की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे। वहीं 16 सितंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एमपी आएंगी। वे सीहोर जिले में यात्रा में शामिल होंगी। 21 सितंबर को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। जहां वे छतरपुर में जनता का आशीर्वाद लेंगे।

वहीं 17 सितंबर को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पन्ना जिले के दौरे पर रहेंगे। इसके अलावा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा तीन दिन आशीर्वाद लेंगे। वे 16 से 18 सितंबर तक कटनी, नरसिंहपुर और हरदा की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे।भारतीय जनता पार्टी ने जन आशीर्वाद यात्रा में मीडिया विभाग की टीम भी उतार दी है। प्रदेश प्रवक्ता जिलों में माहौल बनाएंगे। भाजपा प्रवक्ता जन आशीर्वाद यात्रा के पहले जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

राजौरी में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को किया ढेर

जम्मू ,13 सितम्बर 2023(ए)। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नरला इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया है, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया है।

पुलिस ने बताया कि राजौरी जिले के नरला इलाके में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

है। जबकि, सेना का एक जवान शहीद हो गया है। एक पुलिस एसपीओ सहित तीन अन्य घायल हो गए हैं।पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को नरला इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर सुरक्षाबल पहुंच गए। जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

सातवें फ्लोर के फ्लैट में लगी भीषण आग

गाजियाबाद ,13 सितम्बर 2023(ए)। गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में एक सोसाइटी के अंदर बने टावर के सातवें फ्लोर के फ्लैट में रात डेढ़ बजे के आसपास आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली। मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया और अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू भी किया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

तीन आईएएस केंद्रीय विभागों में खास प्रशिक्षण के लिए पोस्टेड

वित्त विभाग ने जारी किया आदेश अब राज्य में 20 के बदले 17 वर्ष की सेवा के बाद ले सकेंगे वीआर्एस

रायपुर, 13 सितम्बर 2023(ए)। सीजी कैडर 2021 बैच के आईएएस केंद्रीय विभागों में सहायक सचिव पदस्थ किए गए हैं। सभी13 अक्टूबर तक सेंट्रल विपार्टमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

आईएएस जयंत नाहटा ग्रामीण विकास, लक्ष्मण तिवारी गृह एवं वासू जैन आदिवासी कल्याण विभाग में पदस्थ किए गए हैं।

इस बैच के कुल 182 अन्य अफसरों को भी भेजा गया है। छत्तीसगढ़ के तीनों अफसर पदस्थापना के पश्चात् काम शुरू कर चुके हैं ।

जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2015-16 से विशेष प्रशिक्षण की पहल की है। ताकि अफसर केंद्रीय विभागों के

कामकाज के तरीकों से वाकिफ हो और अपने राज्यों में उसके अनुसार का म कर सकें।

इस प्रशिक्षण के बाद सभी आईएएस अकादमी मसूरी जाएंगे जहां वे अपने फेज-2 का प्रशिक्षण लेंगे। दिसंबर में वापस लौटने पर इन्हें एसडीएम के पद पर जिलों में पदस्थ किया जाएगा।

आईएएस श्रुति सिंह की पोस्टिंग कोष लेखा में जल्द

यूपी की प्रतिनियुक्ति और उसके बाद अवकाश से लौटी आईएएस श्रुति सिंह ने जीएडी में ज्वाइनिंग दे दी है। सीएस अमिताभ जैन ने उनकी पोस्टिंग का प्रस्ताव सीएम बघेल को भेजा है। संकेत है कि उन्हें संचालक कोष लेखा पदस्थ किया जा सकता है। यह पद नीलकंठ टेकाम के इस्तीफे के बाद से खाली है।

व्हीआरएए के लिए 20 के बदले 17 वर्ष की सेवा जरुरी

छत्तीसगढ़ में अब 20 के बजाए 17 वर्ष की सेवा के बाद वीआर्एस लिया जा सकता है। वित्त विभाग ने आज इस आशय के आदेश जारी कर दिए हैं। यह 14 अगस्त को राजपत्र में प्रकाशित किया जा चुका है।

विशेष सत्र से पहले नई संसद पर फहराया जाएगा तिरंगा

» नए संसद भवन में शिफ्ट करने के लिए संसद का विशेष सत्र 19 से

नई दिल्ली, 13 सितम्बर 2023(ए)। संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन के परिसर में झंडा फहराया जाएगा। 17 सितंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नए संसद परिसर में तिरंगा झंडा फहराएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रह सकते हैं। पुराने संसद भवन को नए संसद भवन में शिफ्ट करने के लिए संसद का विशेष सत्र 19 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

इस बीच 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा है। भगवान विश्वकर्मा को सृजन का देवता होने के साथ-साथ दुनिया का पहला मूर्तिकार, वास्तुकार और इंजीनियर भी माना जाता है। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। साथ ही मोदी सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाने का भी ऐलान किया है। इससे

पहले 17 सितंबर को नई संसद पर तिरंगा फहराया जाएगा।

संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस सत्र में एक देश, एक चुनाव बिल ला सकती है। साथ ही संसद के विशेष सत्र को लेकर विपक्ष आक्रामक है। हाल ही में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि बिना किसी चर्चा के विशेष सत्र की घोषणा कर दी गई।

विशेष सत्र के पहले दिन यानी 18 सितंबर को पुराने संसद भवन में ही बैठक होगी। इस दिन पुराने संसद भवन के निर्माण से लेकर अब तक की यादों पर चर्चा होगी। इसके अलावा नई संसद में संसदीय कर्मचारियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। इसके मुताबिक, कर्मचारियों को कमल के फूल प्रिंट वाली गुलाबी शर्ट और खाकी पैंट और गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहननी होगी। यह नया ड्रेस कोड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने तैयार किया है।

संपादकीय

रात्रिभोज पर विपक्षी मुख्यमंत्रियों की राजनीति

भारत में या दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में यह सिर्फ कहने की बात होती है कि अमुक बात पर राजनीति नहीं होनी चाहिए या अमुक बात राजनीति से परे है। असल में हर बात पर राजनीति होती है, चाहे होती हुई दिखे या न दिखे। यहां तो जी-20 देशों के मेहमानों के लिए आयोजित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रात्रिभोज में साफ-साफ राजनीति होती हुई दिखी। शुरुआत केंद्र सरकार ने की, जिसने इस पूरे आयोजन को सरकारी बना दिया और यह तय किया कि सिर्फ सरकार के लोगों को बुलाया जाएगा। तभी विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्री बुलाए गए लेकिन विपक्ष के नेता नहीं बुलाए गए। इसके बाद मुख्यमंत्रियों ने अलग राजनीति की। जो रात्रिभोज में पहुंचे उनकी अलग राजनीति थी और जो नहीं पहुंचे उनकी अपनी राजनीति थी।

पहले नहीं पहुंचने वालों को देखें। विपक्षी पार्टियों के जो मुख्यमंत्री रात्रिभोज में नहीं पहुंचे उनमें से तीन के यहां अगले दो महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव इसलिए नहीं गए कि उनके यहां चुनाव होने वाले हैं और वे भाजपा और केंद्र सरकार के विरोध की अपनी राजनीति को जरा सा भी कमजोर होने देना अफोर्ड नहीं कर सकते थे। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन नहीं गए और उसका कारण वैचारिक था। वामपंथी पार्टियों का मानना है कि यह पूरा आयोजन पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इसलिए नहीं गए क्योंकि केजरीवाल और उनकी पार्टी का पूरा राजनीतिक नैरेटिव भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लड़ने का है। विपक्ष का चेहरा बनने के लिए वे जो प्रयास कर रहे हैं उसमें यह उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि केजरीवाल सम्मेलन में जाकर प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाते।

विपक्षी पार्टियों के जो मुख्यमंत्री रात्रिभोज में शामिल हुए उनकी अपनी राजनीति थी। पिछले करीब डेढ़ साल से सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार कर रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसमें शामिल होकर बिहार की जनता को मैसेज दिया है कि उनका भाजपा के प्रति सद्भाव है तो कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को मैसेज है कि जल्दी से उनको संयोजक बनाया जाए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नौ सितंबर को ही ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उस दिन वे राष्ट्रपति के डिनर में चले गए।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन रात्रिभोज में शामिल हुए। इसका कारण यह था कि उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को लेकर जो बयान दिया था उसका राज्य में तो राजनीतिक लाभ है लेकिन देश के स्तर पर पार्टी के अलग थलग होने का खतरा है। सो, स्टालिन पिता-पुत्र एक कदम आगे, दो कदम पीछे की राजनीति कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एकमात्र सिरदर्द चुनाव में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण रोकने की है। तभी वे किसी न किसी तरह से राज्य के हिंदू मतदाताओं को मैसेज देती रहती हैं कि वे भाजपा और आरएसएस के वैसे खिलाफ नहीं हैं, जैसा दिखाया जाता है। उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है।

जी-20 का डंका बजता रहेगा

जी-20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय-जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी-20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी-20 का नेतृत्व मिला। इस तरह जी-20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है। ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी-20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी-20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।

आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना-जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी-20 के बहाने कूटनीति को पढ़े-लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव-कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी-20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है। बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि 'कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया'। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी।

प्रचार की शुरुआत भी हो गई है। शिखर सम्मेलन समाप्त होने के तुरंत बाद सरकार के मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। दोनों ने शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मोदी को बधाई दी। इस आयोजन के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही दिन ऐलान कर दिया कि भारत का नेतृत्व दुनिया में घोषित हो गया। अखबारों में यह लिखा जाने लगा कि जी-20 का सफल आयोजन भारत के लिए वही लम्हा है, जो 2008 में बीजिंग ओलंपिक का आयोजन चीन के लिए था। यानी जिस तरह से बीजिंग ओलंपिक के आयोजन के बाद चीन महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ा उसी तरह भारत जी-20 के आयोजन के बाद बढ़ेगा। इस आयोजन के बाद दो और आयोजन की घोषणा हो चुकी है। पहले 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार होगी, उनका अभिनंदन होगा। फिर मोदी ने नवंबर में जी-20 के एक वर्चुअल सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नई दिल्ली घोषणापत्र के प्रस्तावों पर अमल की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी चाहेंगे कि दिल्ली सम्मेलन की चर्चा होती रहे। इस बीच 'यह समय युद्ध का नहीं है' के अपने जुमले के लिए मोदी नोबल पुरस्कार के लिए नामित होते हैं तो उसकी अलग चर्चा होगी।

अगर जी-20 के एजेंडे को देखें और इसके प्रस्ताव पर नजर डालें तब भी सब कुछ अच्छा अच्छा दिखेगा। इसमें बार बार वसुधैव कुटुम्बकम की बात है, समावेशी विकास की बात है, लैंगिक समानता व सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की चर्चा है, भविष्य के लिए हरित विकास की बात है, टिकाऊ विकास और डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बात है, बहुपक्षीय संस्थानों के निर्माण पर जोर है और दुनिया के देशों के बीच एकता बनाने की बात है। 'वन अर्थ, वन फैमिल, वन फ्यूचर' का संदेश है। नई दिल्ली घोषणापत्र में 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ लेकिन पहले इसकी इतनी चर्चा हो चुकी है कि भाजपा के तमाम नेता भारत को 'ग्लोबल साउथ' की सबसे प्रमुख आवाज के तौर पर उभरने का दावा कर रहे हैं। अगले दो महीने में होने वाले राज्यों के चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए यह प्रचार का मुख्य एजेंडा होगा कि भारत ने नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति बना कर असंभव को संभव बनाया, 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाया, जिसके बाद इसक नाम जी-21 हो गया और 'ग्लोबल साउथ' की प्रमुख आवाज बन कर उभरा। हैरानी नहीं होगी अगर भाजपा के घोषणापत्र में नई दिल्ली घोषणापत्र की चीजें शामिल हों।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

हिंदी का वर्चस्व निरंतर बढ़ रहा है

हिंदी तमाम तरह की बाधाओं को पार करते वर्तमान दौर में वैश्विक फलक पर अपना परचम लहरा रही है।इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तमाम तरह की रुकावटों के बावजूद आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है,जिसे सबसे ज्यादा संख्या में लोग बोलते, पढ़ते, समझते हैं। यहाँ यह कह देना समीचीन होगा कि यह सब हिंदी ने अपनी तमाम उपेक्षाओं के बाद किया है जो हिंदी ने सही हैं मगर हिंदी भाषा ने इधर-उधर ना देखकर अपना मुकाम हासिल किया है।वैसे इसी संदर्भ में यह भी धातव्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की वकालत भी गैर हिंदी भाषी राज्यों से आए लोगों ने ज्यादा की थी और तथाकथित हिंदी भाषी वालों ने बहुत कुछ किया मगर उतना नहीं,जितने की अपेक्षा हिंदी को थी।वर्तमान में भी यही हो रहा है।लेकिन इसके बावजूद आज हिंदी आभासी दुनिया में अपनी बढ़त बनाए हुए है और हर रोज होने वाली पोस्ट में अग्रणी स्थान रखती है। संयुक्त राष्ट्र हिंदी समाचार के एक्स प्लेटफॉर्म पर पचास हजार से ज्यादा फ़ॉलोअर्स हैं।हिंदी फिल्मों का जलवा सात समंदर पार तक है। हिंदी आम बोलचाल की भाषा बनती जा रही है।देश की स्तिथि तो यह है कि आप देश के किसी भी कोने में चले जाइए,आपको हिंदी समझने,बोलने वाले मिल ही जायेंगे और निसंदेह यही कारण है कि हिंदी आज भी देश को जोड़े हुए है और निसंदेह अब हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने में देर नहीं लगानी चाहिए।इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि वर्तमान दौर में हिंदी विलाप की नहीं बल्कि विकास की भाषा है।इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि चाँद पर जाने के लिए नाम चन्द्रयान रखा गया।उस जगह का नाम शिवशक्ति रखा गया।प्रज्ञान रोवर कहा गया और सूर्य पर जिसे हमने भेजा,उसका नाम भी हमने

आदित्य रखा।यह कह सकते हैं कि इस तरह की शब्दावली जो निरंतर विकसित होकर हिंदी को ज्ञान-विज्ञान और सामर्थ्य की भाषा बना रही है। निसंदेह यह हिंदी भाषा का नया संसार है।हिंदी के जलवे को साबित करने के लिए यह तथ्य काफी है कि दक्षिण भारत की फिल्में भी हिंदी में डब होकर नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं।मजे की बात यह है कि आभासी दुनिया के हर प्लेटफॉर्म पर हर रोज लगभग ढाई खरब से ज्यादा कंटेंट पोस्ट होते हैं और इनमें हिंदी भाषा ने अपना अच्छा-खासा स्थान बनाया हुआ है।और तो और आजकल तो प्रेजिडेंट ऑफ भारत भी लिखा जाने लगा है और जितना विश्व के लोग नमस्ते कहने में मजा लेते हैं उतना गुड मॉर्निंग कहने में नहीं क्योंकि हिंदी संस्कार की भाषा है,हिंदी प्यार की भाषा है और हिंदी व्यवहार की भाषा है।गजब है कि विश्व के लगभग सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी का शिक्षण कार्य करवाया जाता है।आज तक हिंदी के लगभग एक दर्जन वैश्विक हिंदी सम्मेलन हो चुके हैं।निरंतर हिंदी माध्यम से सिविल सेवा की परीक्षा देकर उतीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या बढ़ रही।विदेशों में हिंदी के खबरिया चैनलों को देखा जाने लगा है।हिंदी की फिल्में विश्व के हर कोने में अब देखी जाती है और यहाँ तक कि ऑस्कर की न केवल दौड़ में होती हैं बल्कि पुरस्कार भी जीतती हैं।विज्ञापन की भाषा तो हिंदी की कमाल करती है।हमें गर्व करना चाहिए कि विज्ञापनों की दुनिया ने हिंदी को वैश्विक भाषा के मुहाने पर खड़ा कर दिया है मगर हैरत है कि भारत सरकार ने आज तक भी हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया जबकि देश का माननीय उच्चतम न्यायालय जरूर यह निर्णय ले चुका है कि न्यायालय के हर फैसले की प्रति हिंदी में भी उपलब्ध हुआ करेगी।तो देर किस बात की अब वह समय है जब हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा कानूनी रूप से घोषित कर देना चाहिए। यदि रखिए चाहे आप कितने ही विद्वान क्यों ना हो जाएं मगर अपनी भाषा के बिना निसंदेह आधे-अधूरे हैं और रहेंगे और आपका विकास नहीं हो सकता क्योंकि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने कहा है कि निज भाषा की उन्नति है,सब विकास का मूल। तो निश्चित रूप से निज भाषा सभी विकास का मूल है और जिसने मूल को त्याग दिया फिर वृक्ष कभी पूर्ण रूप से पनप ही नहीं सका,घर की दीवारें बिना नींव के खड़ी हो ही नहीं सकती।इस समय हिंदी का शब्द भंडार इतना विशाल है कि सम्भवतः कोई भी दूसरी भाषा इसका मुकाबला नहीं कर सकती।हिंदी निरंतर नई शब्दवली गढ़ रही है।हिंदी भाषा का साहित्य प्रचुर मात्रा में है।विदेशों के लोग भी हिंदी सीखने की ओर लालायित हो रहे हैं।यहाँ तक अब तो चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकें भी हिंदी में छापे जाने की योजना है।यह भी कह सकने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि हिंदी भाषा जिस तरह से वैश्विक फलक पर अपना सिक्का जमा रही है तो वह दिन दूर नहीं जब हिंदी विश्व की न केवल प्रथम भाषा होगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे स्वीकार किया जाएगा।पर इस संदर्भ में हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि शीघ्र हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दें और हिंदी बोले,हिंदी का प्रयोग करने में हिचकिचाएं नहीं क्योंकि हिंदी मानवता की भाषा है।तभी तो हरिवंशराय बच्चन ने ठीक ही कहा है कि हिंदी मुझे कुछ दे या ना दे मगर जिंदगी जीने का सलीका जरूर देती है।जय हिंदी जय भारत।

कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल, हरियाणा

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

ओएनओई ने चुनाव वाले राज्यों को किनारे पर रखा

आंशिक रूप से एक राष्ट्र एक चुनाव (ओएनओई) की संभावना के डर ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और यहां तक कि आंध्र प्रदेश जैसे चुनावी राज्यों में राजनीतिक दलों को परेशानी में डाल दिया है। कोई भी उन केंद्रीय मंत्रियों या राष्ट्रीय भाजपा नेताओं पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है जो दावा करते हैं कि कोई ओएनओई नहीं होगा और उन्हें लगता है कि उनकी पिछली रणनीतियाँ विफल हो जाएंगी। यह कदम इंडिया नामक प्रतिशत 28 पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है क्योंकि विधानसभा और लोकसभा दोनों के लिए सीट बंटवारे पर आम सहमति बनाना लगभग असंभव कार्य हो जाएगा। दूसरी ओर, बीआरएस जैसी पार्टियों के लिए जो तेलंगाना में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने और विधानसभा चुनावों के बाद राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने की महत्वाकांक्षा पाले हुए हैं, ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जहां चुनाव के समय तक वह सत्ता में नहीं होंगी। आयोजित। केंद्र को सभी चुनावी राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाना होगा। तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 14 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है। इसी तरह, जून में होने वाले आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव भी पहले कराए जा सकते हैं। इसलिए एकरूपता लाने के लिए केंद्र इन सभी राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगा सकता है। तेलंगाना के मामले में, सत्तारूढ़ दल ने अभियान में दूसरों पर बढ़त लेने की दृष्टि से एक बार में 115 उम्मीदवारों की मेगा सूची की घोषणा की, जबकि दो अन्य दलों कांग्रेस और भाजपा ने अभी तक सूची को अंतिम रूप नहीं दिया है। बीआरएस ने सभी उम्मीदवारों को मैदान में उतरने और बीआरएस सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को अपना मुख्य एजेंडा बनाने की हरी झंडी दे दी थी। लेकिन अब अगर केंद्र अपनी ओएनओई अवधारणा को आगे बढ़ाता है, तो राष्ट्रीय मुद्दे क्षेत्रीय मुद्दों पर भारी पड़ सकते हैं। बुद्धिजीवियों और क्षेत्रीय पार्टी प्रमुखों का मानना है कि मौजूदा प्रणाली लोकतंत्र में अधिक फायदेमंद होगी क्योंकि यह मतदाताओं को अधिक विकल्प देने की अनुमति देती है। राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के अंतर्निहित मुद्दे अलग-अलग हैं और यदि ओएनओई लागू किया जाता है तो क्षेत्रीय हित और मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दों पर हावी हो जाएंगे। आईडीएफसी संस्थान द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 77 प्रतिशत संभावना है कि जीतने वाली राजनीतिक पार्टी या गठबंधन उस राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों जीतेंगे जब एक साथ होंगे। - प्रत्येक राज्य की विशिष्ट मांग और जरूरतों को कम आंकना। यह क्षेत्रीय दलों के लिए चिंता का एक और कारण है। फिलहाल सभी सर्वेक्षणों और रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जहां तक लोकसभा चुनावों का सवाल है, भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए दूसरों से आगे है।

-त्रिवेणी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

राजस्थान,गांव और पानी

भारत जैसे विशाल भूभाग पर भिन्न भिन्न जलवायु और भौगोलिक परिस्थिति देखने को मिलती है. मेघालय स्थित मासिनराम और चेरापूंजी जहां सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के रूप में दर्ज है, तो वहीं राजस्थान का जैसलमेर सबसे अधिक सूखा वाला स्थान माना जाता है. जहां देश के अन्य सभी ज़िलों की अपेक्षा न्यूनतम वर्षा दर्ज की जाती है. यही कारण है कि राजस्थान में पानी की समस्या का होना एक आम उदाहरण है. रेगिस्तानी राज्य होने के कारण आज भी यहां के बहुत से गांव पानी को तरस रहे हैं. हालांकि स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए राजा महाराजाओं ने भी काफी प्रयास किया था. इसके तहत बावड़ी, कुंए और तालाब का निर्माण कराया गया. लेकिन इससे पूरी तरह से समस्या का हल नहीं हुआ. यदि लोगों को पीने का पानी मिलने लगा तो सिंचाई की समस्या बनी रही.

आज़ादी के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक ने इस समस्या के हल के लिए गंभीरता से ध्यान दिया. इस सिलसिले में 30 मार्च 1958 को महत्वाकांक्षी जल परियोजना 'राजस्थान नहर' का शुभारंभ किया गया. जिसे बाद में 2 नवंबर 1984 को इसे 'इन्दिरा गांधी नहर परियोजना' के रूप में परिवर्तित कर दिया गया. लेकिन इसके बाद भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. दूर दराज़ के कई गांव पानी को तरस रहे हैं. राज्य के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का ढाणी भोपालाराम गांव इसका एक उदाहरण है, जहां के लोग पानी न होने की समस्या का सामना कर रहे हैं. सवाल उठता है कि क्या यह समस्या ऐसे ही राजस्थान के गांव और ज़िलों में परेशानी का कारण बनी रहेगी?

इस संबंध में गांव के निवासी 40 वर्षीय विनोद का कहना है कि %हमारे बुज़ुर्ग बताते थे कि इस गांव में पहले पानी की पर्याप्त व्यवस्था थी. पानी इतना उपलब्ध हो जाता था कि लोग अगली वर्षा तक अपनी सभी ज़रूरतें पूरी कर लिया करते थे. लेकिन अभी कोई व्यवस्था नहीं है. पहले के लोग पानी को इकठ्ठा करना जानते थे. आज से कई साल पहले एक कुंई का निर्माण करवाया गया था. उस वक़्त इस गांव जनसंख्या इतनी नहीं थी. बारिश का जो पानी इकठ्ठा होता था इससे इनका एक साल निकल जाता था और पशुओं के लिए भी वह उपयोग में लाया जाता था.

-सरिता आचार्य-

अपना पराया

अभी तक खेत से माँ-बाबूजी दोनों नहीं आये हैं। कम से कम माँ को तो आ ही जाना चाहिए था। पता नहीं, इतनी बारिश में वे दोनों कहाँ होंगे।÷ घर से बार-बार निकल कर सुमन राधे और गौरी की राह ताक रही थी।

शाम का समय था। घड़ी की सुइयाँ पाँच बजने का इशारा कर रही थी। चूँकि बारिश का मौसम था; सो घटाटोप अंधेरा छाने लगा था। तरह-तरह के कीट-पतंगे व झींगुर की आवाज सुमन के कानों को छू रही थी। सुमन बहुत डरी हुई थी आज। कई तरह की शंकाएँ सुमन को घेरती जा रही थी- पहले तो कभी ऐसा नहीं हुआ था; पता नहीं आज अचानक क्या हो गया। वे दोनों खेत से जल्दी आ जाया करते थे।

सुमन के दिलो-दिमाग में बड़ा विचलन था। उसका किसी कार्य में मन ही नहीं लग रहा था। देखते ही देखते गरजना शुरू हो गया। बिजली भी चमकने लगी। तभी उसे कुछ दिन पहले गाँव में हुई एक घटना याद आने लगी। वह सहम गयी। खेतों में काम कर रही महिलाओं के ऊपर गाज जो गिर गयी थी। सब ने दम तोड़ दिया था। बार बार वह दृश्य आँखों के सामने झूल रहा था रहा था। अब तो सुमन की मन ही मन बात हो रही थी कि माँ-बाबू जी दोनों से मैंने कहा था कि जल्दी आना। फिर भी वे मेरी बातें नहीं सुनते।

जैसे ही सुमन घर अंदर आयी, बिजली चली गयी। जैसे तैसे उसने मोमबत्ती जलाया। घर में रोशनी हुई। मन थोड़ा शांत लगा। सुमन घबराने लगी थी- हे प्रभु ! मेरे माँ-बाबू जी जल्दी घर आ जाए। मुझे बहुत घबराहट हो रही है। कहीं... कुछ...!

थोड़ी देर बाद सुमन को राधे की आवाज सुनाई दी- सुमन ....! अरी ओ सुमन बिटिया ! जरा मोमबत्ती बाहर लाना तो; बहुत अँधेरा है। सुमन के जान में जान आई। जी बाबू जी.... कहते हुए बाहर निकली। सुमन की आँखें माँ को ढूँढ रही थी- बाबू जी, माँ कहाँ है ? आप लोगों ने इतनी देर क्यों लगा दी आने में ? देखो न, बस बारिश होने ही वाली है; जल्दी आना चाहिए था ना। क्या कर रहे थे आप लोग अभी तक ?

सुमन का तो आज सवाल पे सवाल हो रहा था। तभी पीछे से माँ की परछाई नजर आयी। सुमन मुँह बनाते हुए बोली- आप दोनों को तो मेरी बिल्कुल चिंता ही नहीं है। तभी अचानक अपनी माँ गौरी को देखते ही सुमन की आँखें फटी की फटी रह गयी। उनकी गोद में एक छोटा सा घायल बछड़ा था।

सुमन चुपचाप घर के अंदर चली गयी। सुमन का गुस्सा और भी तेज हो गया था। बोलने लगी कि इतनी रात हो गयी; और आप लोग इस बछड़े को लाये। इसकी क्या जरूरत थी। मैं यहाँ परेशान हूँ। तरह-तरह के मन में ख्याल आ रहे हैं और आप लोग, बस !

राधे और गौरी ने सुमन को शांत करते हुए पूरी घटना की जानकारी दी- यह बछड़ा कुछ देर पहले ही जन्म लिया था और इसकी माँ उसे छोड़ कर कहीं चली गयी थी। बछड़ा हम्मा...हम्मा... कर रहा था। इसकी मदद करने वाला कोई नहीं दिखा। तेज बारिश भी हो रही थी। बेचारा भीग रहा था। हमें लगा कि बछड़ा बेसहारा है। आधी रात को भला कहाँ जायेगा ? यदि कभी कोई तुम्हें मदद माँगे तो क्या तुम छोड़ कर आ जाओगी सुमन ? मदद नहीं करोगी ? अरे ये तो बेचारा बोल नहीं सकता , तो क्या हम इनकी भाषा भी ना समझें। हमें सब की मदद करनी चाहिए सुमन। गौरी बोलती ही रही- सुमन, तुम ही बताओ। अभी थोड़ी देर पहले तुम हम दोनों के बगैर कैसे तड़प रही थी ? जबकि तुम्हें तो पता ही है कि हम आयेंगे ही; फिर भी? अपने माँ और बाबू जी की बातें सुन सुमन ने अपनी ओर देखते उस मासूम बछड़े को गले से लगा लिया। राधे और गौरी सुमन व बछड़े दोनों को सहला रहे थे।

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

हिन्दी

है हिन्द देश की हिन्दी प्यारी
हर भाषा से हिन्दी न्यारी ।
बावन अक्षर वर्णमाला में
जैसे ऊँच-नीच पर्वतमाला में ।
स्वर व्यंजन का ताल मिला है
ज्यों उपवन में सुमन खिला है ।
मात्राओं का है सफर सुहाना
आ से अः तक दोहराते जाना ।
बारहखड़ी का जब सीढ़ी आता
पढ़ते ही वर्ण निर्झर सा इतराता ।
अक्षर-अक्षर मिल शब्द बनाते
शब्द-शब्द से वाक्य बन जाते ।
वाक्य - वाक्य से बनते लेख
बनते विधाओं का स्वरूप देख ।
नाटक एकांकी कहानी संस्मरण
आलोचना डायरी निबंध प्रहसन ।
जीवनी कविता व्यंग्य रेखाचित्र
आत्म लघु कथा और यात्रावृत्त ।
गल्प पत्र साक्षात्कार उपन्यास
कितना सुन्दर अद्भुत इतिहास ।
मिलेंगे इसमें समृद्ध साहित्य
जैसे नभ में चमकता आदित्य ।
हिन्दी का ये अतुलनीय संसार
मिलेंगे व्याकरण भी नाना प्रकार ।
पर्याय विलोम अनेकार्थक शब्द
संज्ञा सर्वनाम संग भेद शब्द ।
लिंग वचन क्रिया कारक
देशी विदेशी शब्दों का धारक ।
तत्सम तद्भव विशेषण काल
लोकोक्ति मुहावरा लगे कमाल ।
उपसर्ग प्रत्यय छंद अलंकार
संधि समास संग रस की धार ।
शब्द शक्ति संग गुणों की खान
इसलिए है जग में इसकी शान ।
इतनी विविधताओं के भी बाद
है खुशहाल बड़ी और आबाद ।
है मातृभाषा हिन्दी हमारी
ये तो बड़ी है राजदुलारी ।

डिकेश दिवाकर
जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

हिंदी पढ़े पढ़ाएं

राष्ट्रभाषा हिंदी अपनाओ ,
हिंदुस्तानी होने का धर्म निभाओ।
क्यों अंग्रेजी बोल के,
खुद को समझते महान?
जरा ये तो सोचो,
कितने संघर्ष कर,
वीरों ने हिंदुस्तान को
आजाद करवाया ।
क्यों बने हो अंग्रेजी के गुलाम?
अंग्रेज हिंदुस्तान छोड़ गए,
जाते जाते,अंग्रेजी का बीज,
हिंदुस्तान में बो गए।
बीज बना अब बड़ा वृक्ष,
सर चढ़ के बोले अंग्रेजी,
आज की पीढ़ी ,अंग्रेजी बोलना,
शान समझने लगी।
हिंदी से शर्माने लगे लोग,
ये देख,हिंदी का कलेजा
हो रहा छलनी,
क्यों हिंदी राष्ट्रभाषा हो कर भी,
कोने में खड़ी देख रही,
अंग्रेजी को फलते फूलते।
आओ हिन्दी अपनाएं,
हिंदी पढ़े ,पढ़ाएं,
अपने राष्ट्रभाषा का मान बढ़ाएं।

सविता राज
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

मंद मंद मुस्काती हिंदी

हिंदी नारी की बिंदी है
उससे अंगार निकलने दो,
यह मन से करुणा है हिंदी
जन-जन का सपना है हिंदी,
भावों की तूलिका है हिंदी,
बिटिया की लोरी है हिंदी,
मां-सी आहट है हिंदी,
फौजी की भाषा है हिंदी,
हिंदी जीवन का गहना है,
बस यही तुमसे कहना है,
अब बारी है अपनेपन की,
कुछ तेरे- मेरे कहने की,
इसमें एक रंग उतरने दो।
जो सूर्ख हुआ था खून कभी,
उसमें भी जीवन भरने दो,
हिंदी है तुलसी आंगन की,
जो जेठ में लगती सावन-सी,
इसको गंगा सी बहने दो,
अपने मन की भी कहने दो,
हो शीर्ष शिखर हिमालय सी,
उसको भी आसमां छूने दो,
ना मन में कोई दुविधा हो,
बस प्रेम प्यार की भाषा हो,
बस कालजयी हो यह हिंदी,
इसे मंद-मंद मुस्काने दो।



कार्तिकेय त्रिपाठी राम
गांधीनगर इंदौर
मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

नई दिशा बालक छात्रावास में बच्चों के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

डिस्ट्रिक्ट सीएम वन संपदा 2023 एक्टिविटी क्रमांक 1 लीनेस क्लब अंबिकापुर ग्रेटर द्वारा नई दिशा बालक छात्रावास में बच्चों के साथ रक्षा बंधन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें 100 बच्चों को तिलक लगा कर राखी बांध कर मुंह मीठा कराया गया। इसके बाद तानुदीप बाबरा ने बच्चों को रक्षा बंधन की त्यौहार के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ नई दिशा बालक छात्रावास अंबिकापुर में मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने मिलकर नई दिशा बालक छात्रावास में शिक्षक दिवस मनाया गया। इसमें शिक्षकों को श्रीफल,शाल देकर मुंह मीठा कराया गया। क्लब में शामिल प्रीत बाबरा, सचिव रिजवाना शिरीन, कोषाध्यक्ष महजबीन अहमद, तानुदीप बाबरा, अनुराधा गुप्ता, निखत तनवीर, नसरीन सिद्दीकी शबनम खान, प्रियंका सोनी, बेबी बाबरा, चंदा साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सचिव रिजवाना शिरीन ने आभार व्यक्ति किया।

सरगुजा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित,धूमधाम से मनेगा दशहरा महोत्सव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा सेवा समिति द्वारा पिछले 32 वर्षों से मनाया जा रहा दशहरा महोत्सव,इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय।

सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा।जिसकी तैयारी हेतु सरगुजा सेवा समिति ने स्थानीय भजनाश्रम भवन में बैठक की।बैठक में समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।कार्यकारिणी के गठन उपरांत महोत्सव मनाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।जिसमे इस बार भी रावण का विशाल रूप आकर्षण का केंद्र होगा साथ ही रामचरित्र मानस प्रतियोगिता,शैला नृत्य प्रतियोगिता का भी भव्य आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है।दशहरा पर प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा राम मंदिर से निकल कर जयस्तम्भ चौक,सदर रोड,देवीगंज रोड,घड़ी चौक,गांधी चौक होते

हुए पी.जी कॉलेज मैदान में संपन्न होगी।तत्पश्चात वृहद आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा।कार्यकारिणी में संरक्षक ललन प्रताप सिंह,अनिल सिंह मेजर,संजय मित्तल,मुकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार अग्रवाल,अध्यक्ष रजनी रवि शंकर त्रिपाठी,उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी,भारत सिंह सिसोदिया, विद्यानंद मिश्रा, राजेश कश्यप,प्रयाग साहू,राजीव विश्वकर्मा, महासचिव संजय अग्रवाल, विशाल गोस्वामी,सचिव मधुसूदन शुक्ला,आकाश गुप्ता,शुभम अग्रवाल,दीपक सोनी,मंजूषा भगत,मधु चौराहा,सह सचिव जयंत जैन, नरेंद्र टुटेजा,दीपक अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,देवेंद्र सिंह,तपन गोयल,कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, नीलू कश्यप,लेखा परीक्षक आशीष मंगल को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य जयशंकर त्रिपाठी, चंद्रशेखर तिवारी, श्याम कश्यप बेचैन, विवेक दुबे ,मुकेश तिवारी, राजबहादुर शास्त्री ,विकास अग्रवाल ,अभिषेक गुप्ता, अजय सिंह, प्रशांत त्रिपाठी, रवि प्रताप सिंह ,अनिल जायसवाल, रोचक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, योगेश सोनी, पीयूष त्रिपाठी,अश्वनी गर्ग,आयुष अग्रवाल, किशोर शर्मा ,अनीश सिंह, शरद सिंहा, सुशील बघेल, जितेंद्र सोनी, अरविंद कनौजिया, वेदांत तिवारी, दिव्यांशु केसरी ,अंशुल श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता,राहुल त्रिपाठी ,श्वेता गुप्ता, अनुराधा गोस्वामी, देवकी त्रिपाठी, नीलम राजवाड़े ,प्रियंका चौबे, बबली नेताम, पूनम सिंह, आशा शुक्ला, शुभांगी ,पूजा सोनी, रेनू भारती, अल्पना मिश्रा, ममता तिवारी, सरिता जायसवाल ,संगीता सोनी ,नीलू गुप्ता, रजनी मिंज, देवेश्वरी चौहान, शकुंतला पांडे ,तारा पांडे ,प्रीति सिंह, प्रतिमा साहू ,सीमा कश्यप, राखी सोनी, रश्मि जायसवाल आदि को बनाया गया।उक्त बैठक में नगर की संस्था अनोखी सोच के संयोजक प्रकाश साहू व मीडिया क्लब के अध्यक्ष दीपक सराठे भी उपस्थित रहे व उन्होंने उत्सव हेतु अपने संगठन के सहयोग का आश्वासन दिया।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सरगुजा जोन के प्रतिभागियों का बेहतर प्रदर्शन

अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 तृतीय अंडर-19 बालक वॉटर पोलो जिला प्रशासन स्कूल शिक्षा विभाग जिला कोरबा द्वारा कोरबा के तरणताल में 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की गई। जिसमें सरगुजा जोन के टीम कप्तान अभिजीत राज सोनी के नेतृत्व में कांस्य पदक जीतकर पुरे सरगुजा संभाग का नाम रोशन किया। टीम में कुल 13 खिलाडियों ने भाग लिया। गोल कीपर निखलेश कंवर, उप कप्तान गोलू राजवाड़े, पंकज, लक्की, विवेक राजवाड़े, विकास राजवाड़े, दिनश राजवाड़े, अम्बिकापुर कोच विशाल मंडल के मार्गदर्शन में सरगुजा जोन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ ने सभी विजेता व शामिल हुए खिलाडियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए सफल आयोजन हेतु समस्त कर्मचारियों, टीम कोच, लीडर सहित सभी को धनयवाद दिया।

गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मानने की शुरू हुई तैयारी

- संवाददाता -
कुसमी,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विकासखंड क्षेत्र ने धूमधाम से गणेश चतुर्थी का पर्व मानने के लिए भक्तो ने एक और तैयारी शुरू कर दी है तो वही मूर्तिकार भगवान की मूर्तियों को जल्द से जल्द बनाने में लग गए हैं, दरसल कुसमी क्षेत्र की अगर बात की जाए तो पहले के मुकाबले अब भगवान गणेश का पर्व ज्यादा जगहों में मनाया जाने लगा है यानी यह कह सकते है भगवान गणेश के भक्त बढे हैं,कुसमी शहर के अलावा अब गांव गांव में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर लोग विधिविधान से पुजा अर्चना करने लगे हैं, फिलहाल भगवान गणेश की प्रतिमा जहा भी स्थापित हो रही है वहा के भक्त तैयारी कार्य में जुट गए हैं।तो वही मूर्तिकार भगवान की प्रतिमा में रंग भरकर जल्द से जल्द प्रतिमाओं को बनाने में लगे हुए है।

बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

- संवाददाता -
लखनपुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा लखनपुर मंडल में राजेश अग्रवाल(पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लखनपुर) के निवास में शक्तिकेंद प्रभारी संयोजक सह संयोजक बूथ प्रभारी एवम समस्त कार्यकर्ताओ की संगठात्मक और परिवर्तन यात्रा के संबंध में बैठक आहूत कि गई। बैठक लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू व राजेश अग्रवाल के अध्यक्षता में किया गया जिसमे कई मुद्दों के साथ परिवर्तन यात्रा को लेकर चर्चा किया गया जिसमे मुख्यरूप से होने वाली विधान सभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर पोलिंग बूथ के आखिरी छोर तक एक-एक व्यक्ति जनता के बीच में कांग्रेस की 5 साल की वीफलता और केंद्र की 10 साल की सफलता व पूर्व के डॉ रमन सिंह की कार्यकाल15 साल के कामों के बारे में लोगों को बताना है । राजेश अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आने वाले चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और पोलिंग बूथ स्तर में

जाकर सभी मतदाताओं के पास बीते 5 साल के कांग्रेस की सरकार की विफलताओं के बारे में बताना है । और प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताना है जिससे आने वाले चुनाव में हम सबको इसका लाभ मिल सके और छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार को हटाने में मदद मिल सके हम लोग का सिर्फ कमल निशान है किसी को भी टिकट मिले हम सब एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे ।

कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू राजेंद्र जयसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे सुभाष अग्रवाल पार्षद बृजकिशोर पांडे मुनेश्वर रजवाड़े सतनारायण साहू दिनेश बारी सौरभ अग्रवाल महेश्वर रजवाड़े एवं मंडल के सभी पधाधिकारी और वरिष्ट जन उपस्थित रहे ।

खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सडक़ किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से बाइक सवार किशोर गंभीरा रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अबिकापुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनीष पिता हीराधर चेरवा उम्र 17 वर्ष बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनहत का रहने वाला था। वह 11 सितंबर की रात को बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। वहां से वापस लोट रहा था। तभी सडक़ किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन ने उसे इलाज के लिए रघुनाथनगर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

भैंस से बचने के चक्कर में भाग रही महिला कुएं में गिरी,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मवेशी चराने के दौरान महिला पर अचानक एक भैंस ने हमला कर दिया। महिला बचने के लिए भागने लगी तभी वह पास के कुएं में गिर गई। जानकारी मिलने पर परिजन ने देखा तो उसे कुएं से बाहर निकाल कर इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सीता सिदार पति पोलेश्वर सिदार उम्र 23 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी की रहने वाली थी। वह 12 सितंबर की सुबह घर से कुछ दूरी पर भैंस चरा रही थी। तभी भैंस विदक गया और महिला पर हमला कर दिया। महिला भैंस से बचने के लिए भागने लगी। भागने के दौरान महिला कुएं में गिर गई। परिजन ने देखा तो उसे कुएं से निकाल कर इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

दूध मुंहे बच्चे की मौत के बाद भड़का जना आक्रोश

- स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी,दिया धरना
- परिजनों का आरोप,समय पर नहीं मिला ऑक्सीजन
- प्रेमनगर के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी ने कलेक्टर से बात कर कार्रवाई करने व स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने की कही बात
- लापरवाह आरएमए को हटाया गया,तीन दिन में कार्रवाई का भरोसा

- ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

सूरजपुर में दो माह के दूध मुहे बच्चे की मौत पर यहां देर शाम शाम जनाक्रोश भड़क गया और घंटे भर शिशु चिकित्सालय के सामने धरने पर बैठ गए।इस मौके पर प्रेमनगर व भटगांव के भाजपा प्रत्याशी भी परिजनों व ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। प्रेमनगर भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह ने कलेक्टर से बात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जिस पर प्रशासन हरकत में आया और परिजनों को तीन दिवस के अंदर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है जिससे मामला शांत हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार करवां मांझापारा गांव के प्रेमलाल राजवाड़े के 2 माह के बच्चे को सर्दी खांसी की तकलीफ होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में इलाज के लिए पहुंचा था जहां चिकित्सकों की सलाह पर ऑक्सीजन देने की बात कही गई थी मगर मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने एक ही ऑक्सीजन सिलेंडर होने का बात कहकर जिला चिकित्सालय भेज दिया जिला चिकित्सालय पहुंचते ही बच्चे की मौत हो गई जिससे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर की लापरवाही बताते हुये आक्रोशित हो उठे इधर बच्चे की मां व अन्य परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा हो रहा था।इसी बीच भटगांव व प्रेमनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशियों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ शिशु चिकित्सालय के सामने घंटो धरने पर बैठकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच प्रेमनगर के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी ने कलेक्टर से दूरभाष पर बात की और वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया और मौके पर एसडीएम व तहसीलदार को भेजा।परिजन तत्काल लापरवाह लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एसडीएम ने परिजनों को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के लापरवाह आरएमए को हटा दिया गया है तीन दिवस के अंदर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी इस आश्वासन के बाद ग्रामीण मान गए और मामला शांत हुआ।मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर एस सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में पर्याप्त ऑक्सीजन सिलेंडर मौजूद हैं फिर ऐसी लापरवाही क्यों हुई इसकी तत्काल जांच कराकर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

किराना दुकान का ताला तोडक़र चोरो ने सामान किया पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र के लालमाटी स्थित आश्रम के आगे किराना दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने किराना दुकान में लगे शटर का ताला तोडक़र लगभग 60 हजार रुपए का किराना सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार मो. उसमान गनी रहमानी लालमाटी आश्रम के आगे का रहने वाला है। वह घर के पास ही किराने की दुकान चलाता है। 7 सितंबर की रात को दुकान बंद कर घर के अंदर परिवार सहित सो रहा था। रात करीब 2.30 बजे हड़बड़ाहत की अवाज सुनाई थी। वह उठकर बाहर निकलने लगा पर मुख्य दरवाजे में ताला बंद होने के कारण त्तकाल बाहर नहीं निकाल पाया। ताला खोलकर बाहर निकला तो दुकान का ताला टूटा था और अदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने लगभग 60 हजार से अधिक का किराना सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

3 सप्ताह पूर्व छात्रावास से घर आई बालिका ने फांसी लगाकर दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

3 सप्ताह पूर्व छात्रावास से घर आई बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालिका 6वीं कक्षा में पढ़ती थी। वह घर आने के बाद पुन- छात्रावास नहीं जाना चाह रही थी। जानकारी के अनुसार छाया कुजूर पिता जगन राम उम्र 11 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के मानिकप्रकाशपुर की रहने वाली थी। वह कन्या शिक्षा परिसर अंबिकापुर में रहकर कक्षा 6 में पढ़ाई करती थी। वह 3 सप्ताह पूर्व छात्रावास से घर गई थी। इसके बाद वह छात्रावास जाना नहीं चाह रही थी। पिरिजन द्वारा काफी समझाने के बाद भी जब वह हॉस्टल जाने से इंकार कर दी तो छात्रा के पिता ने 11 सितंबर को उसका टीसी लेने गया था। पर स्कूल के प्राचार्य को नहीं रहने के कारण टीसी नहीं मिला। इसके बाद पिता पुन- घर आकर अपनी बेटी को हॉस्टल में जाकर पढ़ाई करने के लिए समझाया। पिता के समझाने के बाद वह मान गई। मंगलवार को छात्रा का भाई आकाश उसे हॉस्टल छोडऩे गया था। वह छोडक़र घर आया ही था कि हॉस्टल अधीक्षक ने फोन कर कहा कि जब यह यहां रहकर पढ़ाई नहीं करना चाहती है तो इसे क्यों लाए हो। उसे वापस ले जाओ। इसके बाद उसका भाई पुन- हॉस्टल जाकर उसे घर लाया और काम करने चला गया।

महान-3 खदान से कॉपर केबल तार चोरी मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

आज जगरनाथपुर ओसीपी महान-3 खदान के सुरक्षा प्रभारी अशरफ अली ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 सितम्बर के रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों खदान के अंदर घुसकर खदान में लगा हुआ कॉपर केबल तार काटकर चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्व किया गया।

मामले की विवेचना के दौरान चौकी खड़गवां पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही महेन्द्र गिद्ध पिता मोतीलाल उम्र 19 वर्ष ग्राम केरता, जितेन्द्र राजवाड़े पिता रामआशीष उम्र 22 वर्ष निवासी अम्बिकापुर व प्रकाश भगत उर्फ छोटू पिता फुलसाय उम्र 22 वर्ष निवासी शिकारी रोड़ अम्बिकापुर को पकड़ा। पूछताछ पर तीनों ने महान-3 खदान से मोटर पम्प का कॉपर केबल तार काटकर चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 20 मीटर कॉपर केबल तार कीमत करीब 36000 रूपये व घटना में प्रयुक्त औजार बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक मनोज राय, आरक्षक अजय टोप्पो, व रामाधार सिंह सक्रिय रहे।

नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस की लगातार कड़ी कार्यवाही जारी

2 किलो गांजा सहित दो गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,13 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अंतरराज्जीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर में 24 घंटे लगातार कड़ी चौकसी बरती जा रही है और आने-जाने वाले वाहनों की बारीकी से तलाशी ली जा रही है साथ ही अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु सूचना तंत्र का जाल बिछाया गया है। इसी क्रम में दिनांक 13.09.23 को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक आल्टो कार में 2 व्यक्ति गांजा लेकर ग्राम राजापुर तरफ से ग्राम कन्दरई चौक होते हुए बिक्री करने जाने वाले है।

सूचना पर थाना जयनगर की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कन्दरई चौक के पास घेराबंदी कर आल्टो कार सहित विजय चौरसिया पिता स्व. सत्य नारायण उम्र 40 वर्ष व अशोक चौरसिया पिता स्व. सत्य नारायण उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम कुंजनगर, थाना जयनगर को पकड़ा जिनके कब्जे से 2 किलो गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त आल्टो कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 4563 को जप्त कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी व उनकी टीम सक्रिय रही।

नवाज शरीफ की वापसी को लेकर पाकिस्तान में उत्साह,पार्टी नेता बोले-आते ही सब ठीक कर देंगे

इस्लामाबाद,13 सितम्बर 2023 । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान लौटने वाले हैं। इसे लेकर नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के नेता काफी उत्साहित हैं और उनका मानना है कि नवाज शरीफ आकर देश में सबकुछ ठीक कर देंगे। इससे पहले मंगलवार को नवाज शरीफ की पार्टी ने एलान किया कि नवाज शरीफ 21 अक्तूबर को पाकिस्तान लौटेंगे।

नवाज शरीफ ही देश को राहत दे सकते हैं

नवाज शरीफ बीते चार साल से लंदन में स्व-निर्वासित जीवन जी रहे हैं। नवाज शरीफ की वापसी की तैयारी शुरू हो गई है और नवाज के भाई और पूर्व पीएम शहबाज शरीफ भी इन दिनों लंदन में ही मौजूद हैं। नवाज की वापसी को लेकर उनकी पार्टी के नेताओं में खासा उत्साह है। पीएमएल-एन नेता अहसन इकबाल का कहना है कि ऐसे समय जब देश का राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण हो गया है, ऐसे में नवाज शरीफ देश में शांति-सद्भाव लेकर आएंगे। देश को अब राहत देने की जरूरत है और नवाज शरीफ जैसा नेता ही ये काम कर सकता है। नवाज शरीफ सभी राजनीतिक पार्टियों को साथ लेकर सद्भाव से काम करने की क्षमता रखते हैं।

राजनीतिक रूप से अयोग्य ठहराए जाने के चुनौती देंगे नवाज शरीफ

नवाज शरीफ नवंबर 2019 में लंदन गए थे, जब लाहौर हाईकोर्ट ने उन्हें इलाज के लिए चार हफ्ते के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। हालांकि नवाज शरीफ उसके बाद बीते चार सालों में कभी पाकिस्तान नहीं लौटे। जब उनकी पार्टी इमरान खान को हटाकर सत्ता पर काबिज हुई तो उस वक्त चर्चा थी कि नवाज शरीफ पाकिस्तान लौट सकते हैं। हालांकि ये सिर्फ चर्चाएं ही रहीं और शरीफ पाकिस्तान नहीं लौटे। पीएमएल-एन नेता ख्वाजा आसिफ ने कहा कि नवाज शरीफ पाकिस्तान लौटकर उन्हें राजनीतिक रूप से अयोग्य ठहराए जाने के फैसले को चुनौती देंगे।

नवाज शरीफ को साल 2018 में अल-अजीजिया मिल्स और एवनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया था। इन मामलों में नवाज शरीफ को सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद नवाज शरीफ की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल आधार पर विदेश जाने की अनुमति दी गई थी। इससे पहले साल 2016 में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को राजनीतिक रूप से अयोग्य घोषित कर दिया था।

बोलीविया में कार दुर्घटना में 4 की मौत

ला पाज़,13 सितंबर 2023। मध्य बोलिवियाई शहर कोचाबम्बा में कई मालवाहक वाहनों के आपस में टकराने से 4 लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय पारगमन के उप निदेशक मार्सेलो गोमेज़ ने यह जानकारी दी। गोमेज़ ने कहा कि दुर्घटना, जिसमें तीन ट्रेलर और एक ट्रक शामिल थे, माना जाता है कि उच्च टन भार वाले वाहनों में से एक के दूसरी लेन पर अतिक्रमण करने के कारण दुर्घटना हुई। जिसकी अभी भी जांच चल रही है।

उन्होंने कहा, सभी चार ड्राइवरों की मौत हो गयी। जिनमे तीन घटनास्थल पर और चौथे ने एक निजी क्लिनिक के रास्ते में दम तोड़ दिया। यह निर्धारित करने के लिए शवों को परीक्षण के लिए ले जाया गया कि क्या कोई ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था।

इधर रूस पहुंचे किम जोंग-उन,उधर उत्तर कोरिया ने दागीं बैलिस्टिक मिसाइल, जापान का दावा-समुद्र में गिरीं

टोक्यो, 13 सितम्बर 2023। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन इन दिनों रूस के दौरे पर हैं। इसी बीच जापान के प्रधानमंत्री ऑफिस की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया गया, जिसमें उत्तर कोरिया द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने की सूचना दी गई है।

पीएमओ ऑफ जापान की तरफ से की गई पोस्ट में कहा गया, उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। फिलहाल, इस मिसाइल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। जापान के तट रक्षकों ने बताया कि उत्तर कोरिया की तरफ से दो मिसाइलें दागी गई, जो समुद्र में जाकर गिरी।

यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उत्तर कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। इसी महीने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। ऐसा बताया गया कि उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के विरोध में ऐसा किया था। इससे पहले अगस्त में भी उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने का दावा किया था। जुलाई में भी जापान ने उत्तर कोरिया द्वारा पीले सागर में कई क्रूज मिसाइले दागने का दावा किया था।

उत्तर कोरिया ने साल 2017 में परमाणु मिसाइल कार्यक्रम पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए इस साल कई मिसाइलें लॉन्च की है। साल 2022 की शुरुआत के बाद से लगभग 100 मिसाइल लॉन्च की गई।

हनोई में नौ मंजिला इमारत में लगी भीषण आग,चीख-पुकार से गूंजा शहर,आग की चपेट में आकर दर्जनों की मौत

हनोई,13 सितम्बर 2023 । वियतनाम की राजधानी हनोई में मंगलवार रात एक नौ मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भयानक थी कि कई दर्जन लोग जलकर मर गए।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हनोई के थान जुआन जिले में एक अपार्टमेंट के पार्किंग फ्लोर में मंगलवार रात 11.50 बजे आग लगी। बाद में इस आग ने तेजी से पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इमारत के खोंग हो स्ट्रीट के पास एक तंग गली में स्थित होने के चलते बचाव दल को पहुंचने में बहुत मुश्किल आई।

200 वर्ग मीटर में फैली इमारत में 150 लोग रहते हैं। बताया जा रहा कि बुधवार सुबह 5 बजे तक अपार्टमेंट से 70 लोगों को बचाया जा चुका है। इनमें से 54 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई मौतें हुई हैं। हालांकि सटीक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

वियतनाम की एक समाचार एजेंसी के अनुसार, अपार्टमेंट में लगी आग बहुत ही भीषण थी। बुधवार की सुबह आग पर काबू पाया जा सका। बचाव दल जिंदा बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह भी बताया गया कि बचावकर्मियों को इस इमारत तक पहुंचने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्हें सोते समय धुएं का अहसास हुआ। उन्होंने जब बाहर देखा तो पता चला कि आग लगी है। आनन-फानन में रस्सी का इस्तेमाल कर परिवार के लोगों को नीचे उतारा। वहीं, एक अन्य ने कहा कि पांचवीं और छठी मंजिल पर आग की लपटों को जलते हुए देखा। लोग मदद के लिए चीख-पुकार कर रहे थे। तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में इमरान खान की बढ़ी मुश्किलें,26 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे

इस्लामाबाद,13 सितम्बर 2023। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने बुधवार को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में इमरान खान की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी है। अदालत के इस आदेश से इमरान खान की जल्द जेल से बाहर आने की उम्मीदों को झटका लगा है। गोपनीय दस्तावेज लीक मामले की सुनवाई सुरक्षा कारणों से अटक जेल में ही हुई। सुनवाई के दौरान जज अब्दुल हसनत जुल्कारनैन ने इमरान खान की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में ही इमरान खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी हिरासत में हैं। उनकी भी न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई। यह जानकारी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने एक संक्षिप्त व्हॉट्सएप संदेश में दी है।

अटक जेल में हुई सुनवाई

बता दें कि इमरान खान पर आरोप है कि बीते साल एक रैली के दौरान इमरान खान ने सरकारी गोपनीय दस्तावेज लहराया था। हालांकि पूछताछ के दौरान इमरान खान ने जांच एजेंसियों के सामने कबूला है कि उनसे वह दस्तावेज गुम हो गया है। तोशाखाना मामले में इमरान खान बीती 5 अगस्त से पंजाब की अटक जेल में बंद हैं। 29 अगस्त को इस्लामाबाद हाईकोर्ट की दो सदस्यी पीठ ने इमरान खान की सजा को निलंबित करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि आदेश के बावजूद इमरान खान की रिहाई नहीं हो सकी क्योंकि गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में अदालत ने इमरान खान को जेल में ही रखने और 30 अगस्त को सुनवाई के दौरान पेश करने का आदेश दिया था। बता दें, इस मामले को सिफर मामले के नाम से भी जाना जाता है।

अदालत में सुनवाई की मांग

उल्लेखनीय है कि जज अब्दुल हसनत जुल्कारनैन ने ही 29 अगस्त को इमरान खान को एक दिन की रिमांड पर रखने का आदेश दिया था। अब जज जुल्कारनैन ने इमरान खान की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ाकर पूर्व प्रधानमंत्री की परेशानी बढ़ा दी है। इससे पहले, कानून मंत्रालय ने मंगलवार यानी 12 सितंबर को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें जेल में सुनवाई करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। इसमें कहा गया कि विशेष अदालत के न्यायाधीश अब्दुल ने अनुरोध किया कि कार्यवाही सुरक्षा कारणों से अटक जेल में की जाए। हालांकि, खान के प्रवक्ता जुल्फिकार बुखारी ने अदालत में सुनवाई की मांग की।

सुरक्षा का हवाला देना बहाना

उन्होंने कहा कि सुरक्षा का हवाला देना मात्र एक बहाना है। अगर सुरक्षा की इतनी चिंता है तो वीडियो लिंक के जरिए सुनवाई हो सकती है। बुखारी ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने जेल में खान के मुकदमे के खिलाफ इस्लामाबाद हाईकोर्ट द्वारा सुने गए मामले के फैसले का भी इंतजार नहीं किया था। हाईकोर्ट ने इस्लामाबाद के बजाय जेल में खान के मुकदमे पर सुनवाई करने के खिलाफ एक याचिका पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने यह कहकर कार्यवाही समाप्त की कि वह एक उचित आदेश देंगे।

क्या है मामला

गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में ही इमरान खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी हिरासत में हैं। इमरान खान पर देश के खुफिया कानून का उल्लंघन का आरोप है। बीते साल मार्च में जब इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। इस दौरान एक रैली में इमरान खान ने अपनी जेब से एक कागज निकालकर लहराया था। आरोप है कि वह कागज सरकारी गोपनीय दस्तावेज यानी सिफर था। इमरान खान ने दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। हालांकि पूछताछ के दौरान इमरान खान ने इस बात से इनकार किया है कि जो कागज उन्होंने रैली में लहराया था, वह कोई सरकारी गोपनीय दस्तावेज था। इमरान खान ने ये भी कहा कि उनसे वह कागज खो गया है और उन्हें याद नहीं आ रहा है कि उन्होंने इसे कहां रखा है।

पाकिस्तान की क्रिकेट डिप्लोमेसीः

टीम इंडिया को नहीं,बल्कि पुरुष-महिला वकीलों को दिया मैच खेलने का न्योता

इस्लामाबाद,13 सितम्बर 2023 । पाकिस्तान बार काउंसिल ने भारतीय पुरुष और महिला टीम के वकील को अक्तूबर 2023 में पाकिस्तान आने की अपील की है। दोनों देशों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मुकालबा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। अक्तूबर में भारत में वनडे वर्ल्ड कप का भी आगाज होने वाला है।

भारत साल 2008 से पाकिस्तान की सरजमीं पर एक भी मुकाबला नहीं खेला। यह वही साल है जब मुंबई हमला हुआ था, जिसके बाद से ही भारत ने पाकिस्तान में जाकर क्रिकेट खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों के बीच आखिरी द्विपक्षीय मुकाबला साल 2012 में खेला गया था, जिसका आयोजन भारत में हुआ था।

पाकिस्तान को आतंकवादी सरगना का अड्डा भी माना जाता है। साल 2009 में जब श्रीलंका क्रिकेट टीम पाकिस्तान सीरीज खेलने गई थी, तो उनकी टीम बस पर कुछ बंदुकधारियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में श्रीलंका के कुछ खिलाड़ी भी घायल हो गए थे। इस हमले के बाद ही विश्व के सभी क्रिकेट खेलने वाले देशों ने पाकिस्तान में जाकर क्रिकेट खेलने से मना कर दिया था। हालांकि, अब स्थिति में हुए सुधार को देखते हुए श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान का दौरा कर चुकी है।

साल 2008 में जहां भारत ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया, तो वहीं 2012 के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुकाबला भी बंद हो गया। अब केवल एशिया कप और वर्ल्ड कप के दौरान ही भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला देखने को मिलता है। पाकिस्तान बार काउंसिल ने फ्रेंडली क्रिकेट मुकाबले को बढ़ावा देने के लिए अक्तूबर में भारतीय टीम के वकीलों को पाकिस्तान आने का न्योता दिया है।

पुलिस कार टकराने से हुई थी भारतीय मूल की महिला की मौत,कैमरे में मजाक करते रहे पुलिसकर्मी,बिठाई गई जांच

वॉशिंगटन,13 सितम्बर 2023 । अमेरिका के सिएटल पुलिस के यूनियन लीडर के खिलाफ एक भारतीय मूल की महिला की मौत के बारे में मजाक करने के मामले में जांच शुरू की गई है। दरअसल, इस साल जनवरी में पुलिस की वाहन से टक्कर के बाद महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद कैमरे में सिएटल पुलिस यूनियन के लीडर को महिला की मौत पर हंसते और मजाक करते हुए रिकॉर्ड किया गया था।

सोमवार को सिएटल पुलिस विभाग ने अधिकारी जेनियल ऑडिरेर के बॉडी कैमरे की वीडियो फुटेज जारी की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब यह घटना घटी तब ऑडिरेर अपना बॉडी कैमरा ऑन रखा था। पुलिस वाहन चला रहे केविन डेव ने भारतीय मूल की महिला जाह्नवी कमडुला को टक्कर मारी, जिसमें महिला की मौत हो गई। इस घटना के एक दिन बाद पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी वाहन चलाते समय फोन कॉल में व्यस्त था। वीडियो फुटेज में वाहन चलाते समय उसे किसी से फोन पर बात करते हुए सुना गया।

वीडियो में ऑडिरेर को हंसने से पहले यह कहते हुए सुना गया कि वह मर चुकी है। महिला को देखते हुए पुलिसकर्मी ने कहा कि यह एक आम व्यक्ति है। वीडियो के अंत मं उसे हंसकर यह कहते हुए सुना गया कि हां 11 हजार डॉलर का एक चेक लिखो। वह 26 की है, उसका मूल्य सीमित है।

तेज रफ्तार में कार चला रहे थे पुलिसकर्मी

ऑडिरेर ने कहा कि उसे यकीन नहीं हुआ कि इसके लिए आपराधिक जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, %वह (डेव) 50 किमी/घंटे की रफ्तार से वाहन चला रहा था। वह नियंत्रण से बाहर भी नहीं था और एक प्रशिक्षित चालक के लिए यह लापरवाही नहीं है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि डेव 25 किमी/घंटे की जोन पर 70 किमी/घंटे की रफ्तार से वाहन चला रहा था।

डेव ने स्वीकार किया कि वह तेज गति से वाहन चला रहा था और टक्कर से पहले अपनी रफ्तार धीमी नहीं कर पाया। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने महिला पर सीपीआर भी किया था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कमडुला इस साल दिसंबर में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाली थीं।

मोरक्को में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 2,901

रबात,13 सितंबर 2023। मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,901 हो गई है, जबकि 5,530 लोग घायल हुए हैं। यह 60 सालों में देश का सबसे विनाशकारी भूकंप है। पर्वतीय क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक, एटलस माउंटेन के उइर्गेन में शिन्हुआ समाचार एजेंसी के संवाददाताओं ने देखा कि सभी घर जमींदोज हो गए हैं और बचाव दल मलबे को हटाने के लिए एक्स्कवेटर का उपयोग कर रहे हैं। भूकंप में ओइर्गेन को बड़ा नुकसान हुआ, घर नष्ट हो गए और अधिकांश लोगों ने गांव छोड़ दिया। मोरक्को ने स्पेन, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से सहायता की पेशकश स्वीकार कर ली है, जबकि अन्य देशों से सहायता की पेशकश को मंजूरी मिलनी बाकी है।

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज (आईएफआरसी) ने पीड़ितों के समर्थन के लिए 100 मिलियन स्विस फ्रैंक (112 मिलियन डॉलर) की आपातकालीन अपील शुरू की। आईएफआरसी के संचालन के वैश्विक निदेशक कैरोलिन होल्ट ने जिनेवा में संवाददाताओं से कहा, इस समय सबसे बड़ी जरूरतें पानी, स्वच्छता और आश्रय हैं। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि हम आपदा की दूसरी लहर से बचें।

सबसे अधिक प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बचाव और राहत प्रयास जारी हैं। हालांकि, गैसोलीन और कवर की आपूर्ति में अभी भी कमी है। 8 सितंबर को रात 11.11 बजे मराकेश के दक्षिण में हाई एटलस माउंटेन पर 18.5 किमी की गहराई पर 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि भूकंप से 300,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे, यह 1960 के भूकंप के बाद मोरक्को में सबसे विनाशकारी भूकंप था।

जिस तत्कालीन थाना प्रभारी पटना की उपस्थिति में पटना के दुर्गा पूजा पंडाल में परोसी गई थी फुहड़ता उनकी फिर हुई थाने में वापसी

- फुहड़ता परोसने के दौरान हुई थी हवाई फायरिंग भी,मंच पर फुहड़ता के बीच बैठे थे उस समय तत्कालीन थाना प्रभारी
- वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पिता थे उस समय पटना पुलिस थाने के थाना प्रभारी,पुनः आए पटना थाने
- कोरिया जिला है उनका गृह जिला,जनपद उपाध्यक्ष ने की है विधानसभा बैकुंठपुर से कांग्रेस से दावेदारी
- जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर का यदि कांग्रेस पार्टी करेगी टिकट तय पिता करेंगे उनकी मदद:सूत्र
- जनपद उपाध्यक्ष के पति भी हैं शिक्षक,पांच सालों से बिना विद्यालय जाए ले रहें हैं लगातार वेतन:सूत्रों का आरोप
- खुद की जगह स्कूल में पढ़ाने जनपद उपाध्यक्ष ने रखा है स्कूल में किराए का शिक्षक,खुद करते हैं नेतागिरी:सूत्र
- पति और पिता मिलकर सम्हालेंगे दो शासकीय विभाग,जनपद उपाध्यक्ष को बनाना चाहते हैं वह विधायक
- क्या जनता ऐसे किसी प्रत्याशी को विधायक बतौर करेगी स्वीकार जिसके परिवार के लोग ही शासकीय सेवा में करते रहें हैं कोताही?

फाइल:फोटो
आरपी साहू

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। कोरिया जिले के चार पुलिस थाना अंतर्गत एक उप निरीक्षक की तबादला पश्चात पदस्थापना पुलिस थाना पटना में हुई है, यह उप निरीक्षक पहले पुलिस थाना पटना में कार्य कर चुके हैं और वह बतौर थाना प्रभारी कार्य किए हैं और जब वह पटना थाना के थाना प्रभारी थे तब एक बड़ी घटना थाना क्षेत्र में घटी थी जिसकी गूंज प्रदेश सहित देशभर में गूंजी थी, मामला था दुर्गा पूजा पंडाल में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान फूहड़ नृत्य का जिसमे बंदूक से हवाई फायरिंग भी हुई थी और उस दौरान फूहड़ नृत्य उत्सव में खुद तत्कालीन थाना प्रभारी मंच पर मौजूद थे, जिसकी फोटो भी वायरल हुई थी और उस समय मामला सभी अखबारों की सुर्खियां बना था। मंच पर बैठे उस समय के तत्कालीन थाना प्रभारी जो फिलहाल उप निरीक्षक पद पर पुनः पुलिस थाना पटना पहुंचे हैं, वह फूहड़ नृत्य के बीच जब अपने थाना प्रभारी के कार्यकाल में मंच पर उपस्थित थे तब उनके ऊपर भी पैसों की बारिश हुई थी जो उस समय देखा सुना गया था।

मामला वर्ष 2016 अक्टूबर माह का था तब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और उस समय थाना प्रभारी रहे उप निरीक्षक बनकर वर्तमान में पहुंचे, उप निरीक्षक भाजपा में पहुंच पकड़ वाले माने जाते थे,उस समय मामले में उनकी खूब आलोचना हुई थी जांच तक उच्च स्तरीय किए जाने की बात हुई थी, लेकिन उनकी उस समय की सरकार में पहुंच पकड़ काम आई थी और वह मामले से बच निकले थे, अब मामला उलट है प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है उस समय के थाना प्रभारी पटना रह चुके उप निरीक्षक पुनः थाना पटना तबादला कराकर पहुंचे हैं और अब भी उनकी पहुंच पकड़ ही उनके काम आई है, क्योंकि वर्तमान में उनकी ही बेटी जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर हैं और कांग्रेस पार्टी की नेत्री भी हैं, वहीं उनके दामाद भले शासकीय सेवा में शिक्षक हैं वह बिना स्कूल जाए वेतन ले रहें हैं ऐसा सूत्रों कहना है और वह खुलकर नेतागिरी में पत्नी के साथ सत्ता का लाभ ले रहें हैं और सत्ताधारी दल का होने की वजह से विभाग के अधिकारी भी उनके मामले में मौन हैं,जबकि एक दिन भी किसी शिक्षक की अनुपस्थिति में जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक को परेशान कर देते हैं, लेकिन जनपद उपाध्यक्ष पति होने के नाते शिक्षक पति बच निकल रहे हैं। वैसे जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर सत्ताधारी दल से उम्मीदवारी चाहती हैं और यही वजह है की वह अब अपने लिए अपने चुनाव में संभावित उम्मीदवार होने की वजह से एक आधार निश्चित कर रही हैं और उनके पिता का पुलिस थाना पटना में उप निरीक्षक बनकर आना इसी का एक प्रयास माना जा रहा है। अब पिता पति मिलकर दो शासकीय विभाग सम्हालने वाले हैं यदि जनपद उपाध्यक्ष को प्रत्याशी सत्ताधारी दल से बनाया जाता है यह लोग कयास लगा रहें हैं।

फाइल:फोटो

फूहड़ नृत्य और हवाई फायरिंग के बीच वर्ष 2016 में जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पिता जो तत्कालीन थाना प्रभारी पटना थे मंच पर मौजूद रहकर फूहड़ नृत्य का मजे ले रहे थे।

फाइल:फोटो

फूहड़ नृत्य की पुरानी तस्वीर

फाइल:फोटो

फूहड़ नृत्य की पुरानी तस्वीर

फाइल:फोटो

फूहड़ नृत्य की पुरानी तस्वीर

कुछ सवाल

सवाल-क्या जनता ऐसे लोगों को करेगी स्वीकार?

सवाल-जिन्होंने शासकीय अपनी विभागीय जिम्मेदारियों को ही निभाने में की हो कोताही, क्या कांग्रेस पार्टी भी ऐसे किसी को बनाएगी प्रत्याशी? जिसके परिवार ने नहीं निभाई अपनी जिम्मेदारी?

सवाल-क्या जनता ऐसे किसी प्रत्याशी को विधायक बतौर करेगी स्वीकार जिसके परिवार के लोग ही शासकीय सेवा में करते रहें हैं कोताही?

फूहड़ नृत्य मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी पटना,वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पिता की संलिप्तता की आईजी स्तर पर हुई थी जांच,डीएसपी को बनाया गया था जांच अधिकारी

बता दें की वर्ष 2016 में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पटना के एक दुर्गा पूजा पंडाल में फूहड़ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जहां खुलेआम एक व्यक्ति ने बंदूक से वह भी अत्याधुनिक बंदूक से हवाई फायरिंग भी की थी साथ ही वह कार्यक्रम में भीड़ में बंदूक लेकर बैठा भी था,पूरी पुलिस टीम का नेतृत्व कार्यक्रम के दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी कर रहे थे और वह स्वयं मंच पर बैठकर फूहड़ नृत्य का आनंद ले रहे थे जिसका वीडियो और फोटो वायरल हुआ था जिसमे थाना प्रभारी के ऊपर भी पैसों की बारिश की जा रही थी,उस समय तत्कालीन पुलिस अधिक्षक सुजीत कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया था और आईजी सरगुजा ने भी मामले में संज्ञान लिया था और डीएसपी रैंक के अधिकारी से उन्होंने जांच का आदेश दिया था, उस समय कार्यवाही क्या हुई थी जांच का क्या परिणाम आया था वह तो अब विभाग जाने लेकिन विभाग की किरकिरी खूब हुई थी जो विभाग ने भी स्वीकार किया था।

फूहड़ नृत्य और हवाई फायरिंग के बीच वर्ष 2016 में जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पिता जो तत्कालीन थाना प्रभारी पटना थे मंच पर मौजूद रहकर फूहड़ नृत्य का मजे ले रहे थे

बता दें जनपद उपाध्यक्ष के पिता जो एक उप निरीक्षक हैं पुलिस विभाग में और वर्ष 2016 में वह पुलिस थाना पटना के प्रभारी थे और उस समय एक बड़ी घटना जिसने पुलिस विभाग को ही शर्मशार किया था वह थाना क्षेत्र में घटी थी जिसमे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान एक पूजा पंडाल में उनके ही थाना क्षेत्र में फूहड़ नृत्य रातभर चलता रहा था और थाना प्रभारी मंच पर ही मौजूद थे, उस दौरान हवाई फायरिंग भी हुई थी और मामला राज्य स्तर तक पहुंचा था। अब वही उप निरीक्षक पुनः थाना पटना तबादला कराकर पहुंचे हैं। थाना प्रभारी जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पिता हैं और उस समय वह थाना प्रभारी पटना थे साथ ही वह फूहड़ नृत्य के साक्षी बने थे और मंच पर ही बैठकर फूहड़ नृत्य का समर्थन कर रहे थे और उनकी मौजूदगी में ही उसी दिन हवाई फायरिंग भी हुई थी।

उप निरीक्षक का गृह जिला भी है कोरिया जिला,क्या अपनी पुत्री के कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी घोषित होने की संभावनाओं के बीच उन्होंने चुनाव में मदद के हिसाब से कराया है तबादला?

उप निरीक्षक वर्ष 2016 में तत्कालीन थाना प्रभारी पटना रह चुके उप निरीक्षक का पुनः पुलिस थाना पटना में तबादला कराकर आना इसके पीछे की वजह यह मानी जा रही है की वह जनपद उपाध्यक्ष अपनी पुत्री के कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाए जाने की स्थिति में उनकी मदद करने पहुंचे हैं, वैसे उप निरीक्षक का गृह जिला भी कोरिया जिला ही है और इस अनुसार वह विभागीय मदद तो करेंगे ही वह जनपद उपाध्यक्ष पुत्री के लिए क्षेत्रीय होने की वजह से भी मदद कर पाएंगे जाति समाज समुदाय में वह मदद का प्रयास करेंगे यह उनके तबादले के पीछे की वजह मानी जा रही है।

जनपद उपाध्यक्ष बैकुठपर के पति भी हैं शिक्षक,पांच सालों से बिना स्कूल जाए ले रहें हैं वेतन,वह भी शिक्षा विभाग में रखते हैं धमक,चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने पर पत्नी की करेंगे वह मदद

जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के पति भी शासकीय शिक्षक हैं,वह पांच सालों से बिना स्कूल जाए वेतन प्राप्त कर रहें हैं यह सभी जानते भी हैं, उनकी उपस्थिति पत्रक की यदि जांच की जाए तो वह एक ही दिन में स्कूल में भी रहते हैं और वह राज्य स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पत्नी के साथ राजनीतिक मंच पर्दे के पीछे से साझा करते हैं,उनका शिक्षा विभाग में अच्छा असर है अधिकारी उनसे भय खाते हैं जो देखा सुना जाता रहा है,माना जा रहा है की जनपद उपाध्यक्ष पत्नी जो कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहीं हैं उनकी मदद वह शिक्षा विभाग में अपनी धमक के आधार पर करेंगे यह उनकी तैयारी है। वैसे वह फिलहाल किराए के शिक्षक के भरोसे अपना स्कूल चला रहें हैं जो छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक अनोखा और पहला मामला भी है।

क्या जनता ऐसे लोगों को करेगी स्वीकार? जिन्होंने शासकीय अपनी विभागीय जिम्मेदारियों को ही निभाने में की हो कोताही,क्या कांग्रेस पार्टी भी ऐसे किसी को बनाएगी प्रत्याशी?

सवाल यह भी है की जनपद उपाध्यक्ष को यदि कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी बनाती है तो वह जनता के बीच क्या उदाहरण लेकर जायेगी,क्या ऐसे किसी व्यक्ति को जनता भी स्वीकार करेगी जिसके परिवार के ही लोग शासकीय सेवा की अपनी जिम्मेदारियों से भागते रहें हैं और केवल वेतन लेते रहें हैं,जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के मामले में उनके पिता उनके पति दोनो ही सवालों के घेरे में हैं,अब देखना है की एक राष्ट्रीय पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी बैकुंठपुर विधानसभा में क्या उदाहरण प्रस्तुत करने जा रही है,सभी की निगाहें इसी ओर हैं और लोग देखना चाहते हैं की क्या सत्ताधारी दल किसी ऐसे दावेदार पर दांव लगाएगी जो पहले से ही सवालों के घेरे में हो और साथ ही उसके कारण यह सवाल पार्टी के लिए प्रदेश स्तर का मुद्दा विपक्ष के लिए बन जाए।

उपनिरीक्षक की हुई थी घर वापसी

कुछ महीने पहले प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर तबादला किया गया था,जिसमें निरीक्षक उपनिरीक्षक के तबादले शामिल है लेकिन इस तबादला सूची जारी होने के बाद अब कई कमियां इसमें देखी जा रही है, जिस वजह से कर्मचारियों में रोष भी था और कुछ कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सूची में राज्य के ट्रांसफर नीति का उल्लंघन हुआ है, कई पुलिसकर्मियों को चुनाव के समय ही अपने गृह जिले में भेजा गया है जो नियम से नहीं भेजा जाना था, जिसमे एक नाम कोरिया जिले के तत्कालीन थाना प्रभारी पटना व वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष पिता आरपी साहू का भी था जिनका तबादला सरगुजा से कोरिया किया गया था, अब उन्हें बेटी के ससुराल क्षेत्र का थाना भेजा गया है आदेश नहीं निकला है पर मौखिक आदेश में 7 दिन पहले भेजा गया है।

राजीव युवा मितान क्लब की बैठक रायपुर के होटल बेबीलोन में हुई संपन्न

-संवाददाता-

बैकुण्ठपुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बीते 2 सितंबर को राहुल गाँधी के आगमन में प्रदेश भर के राजीव युवा मितान क्लब के कड़ी मेहनत के फल स्वरुप हुए सफल एवं ऐतिहासिक सम्मेलन को लेकर 11 सितंबर को रायपुर बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में राजीव युवा मितान क्लब के जिला एवं विधानसभा समान्वयको की विषेश बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में राजीव युवा मितान क्लब के राज्य समन्वयक गिरीश देवांगन मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीपद्दशर्मा के उपस्थिति में आगे की कार्ययोजना पर बुनियादी तौर पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए उपस्थित जिला एवम विधानसभा समन्यवको से उनके जिला और विधानसभा स्तर पर सरकारी कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और आम जनता तक इन योजनाओं का लाभ कैसे मिले उसे पर विस्तार से बताया गया, जिला प्रशासन एवं स्थानीय सामान्यको के बीच कैसे संबंधों में सामंजस्य अच्छे ढंग से स्थापित हो ताकि आमजन को शासन की योजनाओं को पानी में यह सभी सामान्य व्यक्ति अपनी कड़ी भूमिका निभा सकें, जिलेवार समीक्षा की गई और आगामी समय और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए है। बैठक संपन्न होने के बाद सभी समन्वयको को रात्रि भोजन हेतु मुख्यमंत्री निवास में आमंत्रित कर छत्तीसगढ के जन नायक यशस्वी मुख्यमंत्री मा. भूपेश बघेल जी ने सभी को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई शुभकामनाएं दी, आने वाले समय मे राजीव मितान की भूमिका बहुत महत्पूर्ण होने वाली है ये संदेश देते हुए उन्होंने अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, इस दौरान जिले से राजीव मितान के समन्वयक प्रमोद सिंहम, आशीष डाबरे, विजय सिंह, राजीव गुप्ता, अंकुर सिंह, राखी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे थे।

भाजपा ने फिर साबित किया वह है अनुशासित राजनीतिक दल, ऑडियो वायरल होने के बाद चिरमिरी के मंडल अध्यक्ष हटाए गए

-संवाददाता-

चिरमिरी,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी इस समय सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनकर उभर के सामने है और कहा जाता है कि सिर्फ बड़ी पार्टी बनने के पीछे पार्टी के अंदर की अनुशासन वाली उसकी नोटो है अनुशासन भाजपा पार्टी में बहुत जरूरी माना जाता है यही वजह है कि कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों की खराब कार्यप्रणाली पर तुरंत उन पर कार्यवाही की जाती है कुछ ऐसी ही कार्यवाही का उदाहरण फिर से भारतीय जनता पार्टी ने पेश करते हुए चिरमिरी मंडल अध्यक्ष जिनका ऑडियो अवैध कारोबारी के साथ संयुक्त होने और अवैध कार्य में संलिप्तता को जाहिर करता हुआ जारी हुआ था वायरल हुआ था जिसके बाद तत्काल इन्हें मंडल अध्यक्ष पद से हटाया गया और उनके जगह चिरमिरी का नया मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा को बनाया गया डमरू बेहरा चिरमिरी नगर निगम के पूर्व

महापौर रह चुके हैं और वर्तमान मंडल अध्यक्ष का ऑडियो वायरल होने के बाद जो बताया जा रहा है एक कोयला चोर के साथ बातचीत का ऑडियो है मंडल अध्यक्ष को पद से भाजपा ने हटा दिया है,वैसे ऑडियो में एक तरफ कोयला चोर है और एक तरफ भाजपा के तत्कालीन मंडल अध्यक्ष इसकी पुष्टि घटती घटना नहीं करता लेकिन कार्यवाही मंडल अध्यक्ष पर वायरल ऑडियो की वजह से ही हुई है जो बताया जा रहा है। भाजपा अनुशासित पार्टी है राजनीतिक दल है उसने साबित किया- भारतीय जनता पार्टी अनुशासित राजनीतिक दल है और वह अनुशासन में ही अपने पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को बांधे रखने का प्रयास करती है वह अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं करती है यह भाजपा जिला एमसीबी ने मंडल अध्यक्ष चिरमिरी को पद से हटाकर साबित कर दिया,वैसे मंडल अध्यक्ष को किन कारणों से हटाया गया उसकी वजह वायरल ऑडियो ही है यह भी पुष्टि घटती घटना नहीं करता है लेकिन तथाकथित कोयला चोर और मंडल अध्यक्ष भाजपा चिरमिरि के बीच बातचीत हुई थी और वह अवैध रूप से कोयला चोरी के मामले में बात हुई थी यह आरोप भाजपा के नेताओं ने भी पार्टी फोरम में उठाया था और उसके बाद ही यह कार्यवाही की गई है जो बताता है की भाजपा किसी भी स्थिति में अपने दल के अनुशासन को भंग नहीं होने देना चाहती। वैसे अब नई जिम्मेदारी डमरू बेहरा को मिली है और पार्टी उनसे मंडल चिरमिरी को मजबूत बनाने उम्मीद लगाई हुई है।

भाजपा के अनुशासन से अन्य दलों को भी लेनी चाहिए सीख,दोषपूर्ण क्रियाकलापों में रत लोगों को दिखाना चाहिए पार्टी से बाहर का रास्ता

भाजपा में चिरमिरी मंडल अध्यक्ष को पद से हटाकर अपने दल के भीतर के अनुशासन को साबित कर दिया अब अन्य दलों को भी भाजपा से सीख लेने की जरूरत है और अपने ऐसे पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए जिनकी कार्यप्रणाली कभी दोषपूर्ण पाई गई है,अब अन्य राजनीतिक दल ऐसा करते हैं वह अनुशासित हो पाते हैं यह देखने वाली बात होगी वैसे हर राजनीतिक दल में दोषपूर्ण कार्यप्रणाली वाले सदस्य शामिल हैं और सभी को भाजपा की तरह पार्टी में अनुशासन स्थापित करने ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

समर्थकों सहित दो सैकड़ा गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे अजय शुक्ला

भाजपा के पक्ष में मांगा जनता जनार्दन से आशीर्वाद

यात्रा में शामिल होने चावल हल्दी देकर किया लोगों को आमंत्रित

-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।
जिले की विधानसभा कोतमा जहाँ भाजपा से दावेदारों की लंबी चौड़ी कतार लग चुकी है। लगभग एक दर्जन दावेदार टिकट के लिए दावेदारी प्रस्तुत कर रहे है। मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुखिया के अलावा केंद्रीय नेतृत्व ने जिम्मेदारी लेते हुए कुछ सीटों में उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कुछ मे बाकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में कई योजनाओं के माध्यम से पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है साथ ही लाडली बहन योजना का भी लाभ बहनों को दिया गया। जिसमें केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व सहित प्रदेश के नेताओं द्वारा बीते दिनों पहले जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सभी विधानसभा मे पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

विस क्षेत्र में किया गया उप यात्रा का आयोजन

कोतमा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय शुक्ला के नेतृत्व में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव से भ्रमण करते हुए उप यात्रा आयोजित की गई। उप यात्रा में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के सभी नगरों एवं अलग-अलग गांव के सभी 202 मतदान केंद्रों से 2000 से भी ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का एकत्रीकरण बिजुरी सब्जी मंडी ग्राउंड में दिनांक 12 सितंबर 2023 को दोपहर 2:00 बजे हुआ। यात्रा में लगभग 300 से भी ज्यादा चार पहिया वाहन सम्मिलित हुए। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अजय शुक्ला जी के नेतृत्व में गगन भेदी नारों के साथ यात्रा को भव्य स्वरूप देने का काम किया गया।

जन आशीर्वाद यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

दूसरे दिन दिनांक 13 सितंबर 2023 को सुबह सभी कार्यकर्ता कोतमा नगर के सभी वार्डों में विशाल वाहन रैली निकालकर यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तथा भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए जन आशीर्वाद मांगा गया। वहीं उपयात्रा ठाकुर बाबा धाम कोतमा में पहुंचकर यात्रा में सम्मिलित होकर पकरिया तिराहे पर गगन भेदी नारों के साथ पुष्पवर्षा कर मुख्य यात्रा का स्वागत किया। सोही बेलहा, भाद तिराहे से होकर आमाडांड, फुलवारी टोला, सेमरा, झिरिया टोला, बेलिया छोट आदि गांव में उपयात्रा पहुंचकर यात्रा का संदेश दिया।

गगनभेदी नारों के साथ भाजपा मय हुआ माहौल

उपयात्रा के माध्यम से सभी गांव तथा नगरीय केंद्रों में भाजपामय माहौल व्याप्त हुआ।यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री बृजमोहन सिंह अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दास चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा सरपंच पकरिया, संतोष सिंह सरपंच भाद, सरपंच पोंड़ी चोंड़ी, एड राजेंद्र पाल सरपंच बेनीबहरा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर पांडे पिछड़ा मूर्ति के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष सुरेश गौतम, सुनील गौतम, आकाश रजक, अमित शुक्ला पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलम सचिन जैन, नगर पालिका बिजुरी पार्षद कैलाश कोल, मोहम्मद हुसैन आदि अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान बढ़-चढ़कर रहा।

नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची यात्रा

बिजुरी नगर के सभी मुख्य मार्गो से होते हुए यात्रा नगर के हृदय स्थल हनुमान मंदिर चौक पर पहुंची जहां हनुमान मंदिर पर यात्रा में शामिल सभी 2000 लोगों ने सामूहिक चालीसा का पाठ किया।हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर यात्रा आगे बढ़ी, नगर वासियों एवं व्यापारियों ने पटाखे फोड़कर तथा पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। रात्रि 9ः00 बजे उपयात्रा बिजुरी नगर से कोतमा नगर के लिए प्रस्थान की जहां कोतमा गांधी चौक में मुख्य सभा स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झारखंड के वरिष्ठ नेता एवं सांसद निशिकांत दुबे जी का उद्बोधन सभी लोगों ने सुना वहीं रात्रि में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

ग्राम पंचायत देवाडाड के सरपंच पर भ्रष्टाचार के शिकायतों की लंबी लाईन

फर्जी बिल लगाकर किया राशि का आहरण,शिकायतें के नाम पर हो रही खानापूर्ति

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के खड़गवां ब्लॉक अंतर्गत देवाडाड ग्राम पंचायत एक ऐसा ग्राम पंचायत है जहां पर ग्राम पंचायत की जितनी योजनाएं चल रही है उनमें भारी भ्रष्टाचार किया गया है इस ग्राम पंचायत मे के सरपंच ने भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी और समाग्री खरीदी करने के बाद भी समाग्री का भुगतान नहीं किया जा रहा है। और फर्जी बिल से लगा कर पंचायत मद में प्राप्त राशि को डकार गए। इतना ही नही मरम्मत के नाम पर जितनी राशि फर्जी बिलो से आहरण किया गया है उसमें खुलेआम भ्रष्टाचार किया गया है। मरम्मत के नाम से अधिक से अधिक की राशि का बंदरबांट किया गया है। जितनी राशि मरम्मत के नाम पर फर्जी तरीके से निकाले गए है? ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत देवाडाड का लिखित शिकायत नीतीश कुमार साहू देवाडाड ने जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर के जनचौपाल में किया गया है। नीतिश कुमार के मामले की जांच अभी हुई कि नहीं की एक और मामले की शिकायत अजय कुमार साहू निवासी ग्राम देवाडाड वार्ड नंबर 4 का मूल निवासी हैं जिसने कलेक्टर एम सी बी से एक लिखित जन चौपाल में कई थी शिकायत ग्राम पंचायत सरपंच रमेश कुमार भगत के द्वारा वर्ष 2020--21 में बोर खनन एवं हैंड पम्प फिटिंग समाग्री एवं कार्य कार्य कराया गया था जिसकी राशि 120000/- (एक लाख बीस हजार रूपए) बाकी है जों आज दिनांक तक मुझे प्राप्त नहीं

हुई है मेरे द्वारा राशि कि मांग करने पर संरपच के द्वारा खाते में राशि नहीं आने का बहाना करके मुझे राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है विगत तीन वर्षो से मुझे राशि भुगतान नहीं किया गया है। जबकि सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी में सरपंच सचिव ग्राम पंचायत देवाडाड के द्वारा दिनांक 8/9/2021 बिल क्रमांक 87 आन्या ट्रेडर्स जो कूलर आलमारी टी वी पंखा बेचने वाली फर्म के नाम से 241428/-- (दो लाख एकतालिस हजार चार सौ अठाइस रूपए) की राशि आहरण कर लिया गया है और जिस हितग्राही के द्वारा ग्राम पंचायत मे समाग्री दी गई है वो सरपंच सचिव के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इस ग्राम पंचायत देवाडाड में ग्राम पंचायत में जितने भी मद की राशि का आवंटन प्राप्त हुआ है सभी में फर्जी बिलो के आधार से राशि का बंदरबांट किया गया है इसकी जांच होतो इस ग्राम पंचायत में कई बड़े-बड़े घोटालों का उजागर होएंगे।

ग्राम पंचायत में चल रहा बड़ा खेल

कुछ पंचों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर सरपंच एवं तात्कालिक सचिव के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया है कि सरपंच के भाई ने खड़गवां में जमीन खरीदी है वो ग्राम पंचायत की राशि आहरण कर जमीन की खरीदी की गई है।इन के द्वारा फर्जी तरीके से पंचो का साइन कर प्रस्ताव बना लेते है और इस ग्राम पंचायत के सरपंच के भाई के जिस फर्म का चेक काटना होता है उससे पहले नगद राशि ले ली जाती है और सिर्फ उस फर्म को चेक काटकर दिया जाता है इस तरह का खेल इस ग्राम पंचायत में चल रहा है और पहले भी किया गया है ? विकास की ज्यादातर राशि सरपंच- सचिव के द्वारा भ्रष्टाचार कर गबन की जा रही है जिससे देवाडाड पंचायत के अनेकों अनेक विकास कार्यो आधार में लटके हुए हैं ?

बालको के फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'मल्हार' में दिखी कर्मचारियों की प्रतिभा

-संवाददाता-
कोरबा,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।
वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर टाउनशिप में आकर्षक 'मल्हार' फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालकों के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में आये आगंतुकों ने मनमोहक फोटोग्राफी की सराहना की। बालको टाउनशिप में आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को 'मल्हार' नाम दिया गया। 'मानसून' थीम के इर्द-गिर्द घूमती प्रदर्शनी में बारिश, जलवायु और बालको के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाने वाली मनमोहक चित्र प्रदर्शित की गई। ये सभी कलात्मक छायाचित्र बालको कर्मचारियों द्वारा खींचे गए थे। मल्हार प्रदर्शनी में बालको कर्मचारियों के मित्रों और परिवारों सहित आगंतुकों के लिए यह प्रदर्शनी अविस्मरणीय एवं आनंददायक अनुभव रहा। कार्यक्रम में सेल्फी कॉर्नर के साथ-साथ बच्चों के लिए किड्स कॉर्नर भी बनाया गया था, जिसमें बच्चों के लिए स्केच बनाने तथा बनी हुई आकृति में रंग भरने की व्यवस्था थी। दो दिवसीय कार्यक्रम में दर्शकों को फोटोग्राफी उपकरणों और उसके समृद्ध इतिहास की यात्रा की जानकारी दी गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने मल्हार फोटोग्राफी प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी तकनीकी प्रगति को समृद्धि प्रदान करने में मदद तथा हमें आगे नवाचार करने के लिए प्रेरित करते हैं।

महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही की मांग को लेकर भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा स्मरण पत्र

-संवाददाता-
कोरबा,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।
निगम के 30 भाजपा पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल की अगुआई में महापौर राजकिशोर प्रसाद के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव को हस्ताक्षर युक्त स्मरण पत्र कलेक्टर को सौंपा । विगत माह भाजपा पार्षद दल द्वारा ज्ञापन सौंप कर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था किंतु एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं होने से रुष्ट भाजपा पार्षद दल ने पुनः जिलाधीश से मुलाकात कर शीघ्र अविश्वास प्रस्ताव हेतु सम्मिलन आहूत करने हेतु आग्रह किया है ।
नेता प्रतिपक्ष हितानंद का कहना है कि कोरबा नगर निगम की कुर्सी पर एक ऐसा मेयर बैठा दिया गया है, जिन्होंने एक-एक दिन कर चार साल गुजार दिए और उपलब्धि तो दूर ढेरों काम यूं ही फाइलों में पेंडिंग पड़े हैं। उल्टे निगम क्षेत्र में सड़क, सफाई और पानी की समस्याओं का अंबार है। ऐसे निष्क्रिय और असफल महापौर को हटाना ही कोरबा के हित के लिए जरुरी हो जाता है यही वजह है जो यह

अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।
उन्होंने कहा के नगर निगम महापौर का रिमोट कंट्रोल कही ओर है। आप अच्छी तरह जानते है कि किसके इशारे में निगम में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जानता सब जानती है, जनता सिर पर बैठा सकती है तो सर से उतार के पटकने में टाइम नहीं लगाती है। चार साल गुजार दिए और उपलब्धि तो दूर ढेरों काम यूं ही फाइलों में पेंडिंग पड़े हैं उल्टे निगम क्षेत्र में सड़क, सफाई और पानी की समस्याओं का अंबार है। ज्ञात हो कि पूर्व में नगर निगम कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 23 के तहत अविश्वास प्रस्ताव भाजपा पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र कलेक्टर को सौंपा था। इस पत्र के अनुसार शहर में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। उनको जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है। यही कारण है के नगर निगम क्षेत्र की जनता को महापौर के ऊपर अब विश्वास नही रहा । इस दौरान पार्षद ऋतु चौरसिया, नरेंद्र देवांगन, सुफल दास महंत, कमला देवी बरेठ, पुराइन बाई कंवर, धनश्री अजय साहू, उर्वशी सुजीत राठौर, अजय गौड़, बुधवार साय यादव, कविता नारायण ठाकुर, ममता बालिराम साहू, नर्मदा लहरे, गंगा राम भारद्वाज, प्रतिभा निखिल शर्मा, अमित मिंज, फिरत साहू सहित भाजपा पार्षद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर,जिला-सुरजपुर, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-शिवनंदनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शोभनाथ राम आ. चैतुराम, जाति नगेशिया, निवासी ग्राम-शिवनंदनपुर, तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि शिवनंदनपुर प.ह.नं.-02 रा.नि.मं,-विश्रामपुर, तहसील-लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 323/9 रकबा 0.014 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त संबंध में ग्राम-शिवनंदनपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से दिनांक 21/09/20223 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 13/09.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील
विशेष कर्तत्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर,जिला-सुरजपुर, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-शिवनंदनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा द्विवेदी पति श्रीकांत द्विवेदी जाति सामान्य ग्राम शिवनंदनपुर थाना विश्रामपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ0ग0) ने अपनी स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम शिवनंदनुपुर, प.ह.नं.02 तहसील लटोरी जिला सूरजपुर खसरा नम्बर 485/52 रकबा 0.020 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19/09/20223 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05.09.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील
विशेष कर्तत्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

अल्प प्रवास पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का विधायक जयसिंह अग्रवाल ने किया स्वागत

-संवाददाता-
कोरबा,13 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अल्प प्रवास पर कोरबा पहुंचे जहां राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल,महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया । जानकारी के लिए बता दें कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस के द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है ढ्ढ इसी कड़ी में जांजगीर जिले के तीन विधानसभा में आयोजित संकल्प शिविर में भाग लेने से पहले बस्तर सांसद और पीसीसी चीफ दीपक बैज हेलीकॉप्टर के माध्यम कोरबा पहुंचे। संकल्प शिविर के लिए कांग्रेस अध्यक्ष अपने साथ विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत एवं राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल को ले गए ढ्ढ इस दौरान टिकट वितरण को लेकर उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भाजपा के द्वारा जल्दबाजी में प्रत्याशियों की घोषणा की गई है जिसका खामियाजा पार्टी भुगत रही है । वहीं कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से टिकट वितरण को लेकर कार्य कर रही है और जल्द ही प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

खेत में गिरी आसमानी आफत, चार की मौत,आठ घायल

-संवाददाता-
बलरामपुर,13 सितम्बर 2023, (घटती-घटना)।
खेत में काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की अकाल मौत हो गई मरने वालों में एक दो साल का मासूम बच्चा व महिला भी है इस घटना में तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। एक अन्य घटना में 5 अन्य ग्रामीण भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलसर में आज शाम 5:00 बजे तेज बारिश के बीच टमाटर के खेत में काम कर रहे पहाड़ी कोरवा परिवार व अन्य ग्रामीण के ऊपर आसमानी आफत टूट पड़ी इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जिसमें एक 2 साल का मासूम बालक भी शामिल है इस घटना में खेत में कम कर रहे तीन अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में तीन पहाड़ी कोरबा परिवार से हैं।

दूसरे गांव में भी बिजली गिरने से 5 घायल

वही बगल के बांसडीह ग्राम में 5 लोग बिजली गिरने से घायल हुए हैं जिनका इलाज शंकरगढ़ अस्पताल में जारी है जो खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ0ग0)
ऑनलाइन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक. 1702 व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022-23 बलरामपुर, दिनांक 08.09.2023
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित कार्यो के संपादन हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दर पर संछिप्त ई निविदा आमंत्रित किया जाता है अन्य शर्ते विस्तृत निविदा अनुसार रहेगीः-

क्र.	कार्य का नाम	जिला	निविदा राशि (लाख में)
1	नवीन तहसील कार्यालय भवन निमार्ण चलगली	बलरामपुर-रामानुजगंज	64.04
		योग :-	64.04

उपरोक्त निमार्ण कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट से अथवा ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
टीपः- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 27/09/2023 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिला बलरामपुर -रामानुजगंज (छ0ग0) में पहुंचना अनिवार्य है।
(सचिदानन्द कान्त)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर रामानुजगंज छ0ग0
जी.नं.-05301/3

एआईएफएफ को उम्मीद है कि क्लब एशियन गेम्स के लिए खिलाड़ियों को रिलीज करेंगे

नयी दिल्ली,13 सितम्बर 2023। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) उम्मीद कर रहा है कि आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) क्लब आगामी एशियाई खेलों के लिए पंजीकृत 50 खिलाड़ियों में से किन्हीं 22 खिलाड़ियों को रिलीज कर देंगे, जिससे पुरुष टीम का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। अधिकांश क्लब खेल मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय टीम के 22 खिलाड़ियों को रिलीज करने के इच्छुक नहीं है क्योंकि एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता का कार्यक्रम आईएसएल के साथ टकरा रहा है।

आईएसएल का आगाज 21 सितंबर से होगा। महासंघ ने सुनील छेत्री, संदेश झिंगन और गुरप्रीत सिंह संधू जैसे स्टार खिलाड़ियों के टीम के साथ चीन के हांगझोउ की यात्रा की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। फुटबॉल के मुकाबले 19 सितंबर से सात अक्टूबर तक खेले जायेंगे। एआईएफएफ के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई से कहा, '' एआईएफएफ इन खेलों में सबसे मजबूत राष्ट्रीय टीम भेजने के लिए क्लबों को मनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।''

महासंघ के एक सूत्र ने कहा, ''एआईएफएफ अब बातचीत कर रहा है लेकिन अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। छेत्री, झिंगन और गुरप्रीत को अभी तक बाहर नहीं किया गया है। यह क्लबों पर निर्भर है कि वे इन खिलाड़ियों को रिलीज करते हैं या नहीं। हमने 50 खिलाड़ियों की सूची बनाई है उसमें से कोई भी 22 खिलाड़ी रिलीज होने चाहिये। बेंगलुरु एफसी, एफसी गोवा और मोहन बागान सुपर जाइंट्स उन क्लबों में से हैं जो खेलों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने को तैयार नहीं हैं। एशियाई खेलों के लिए क्लबों द्वारा कुछ भारतीय खिलाड़ियों को रिलीज करने पर संदेह के बीच इस महीने की शुरुआत में इंडियन सुपर लीग कार्यक्रम की घोषणा की गई थी।

एशियाई खेलों के लिए 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम में सभी सदस्य आईएसएल क्लबों के खिलाड़ी हैं। टीम में नामित 22 खिलाड़ियों में से छह बेंगलुरु एफसी , तीन मुंबई सिटी एफसी से हैं, जबकि एफसी गोवा, मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, ओडिशा एफसी, केरल ब्लास्टर्स के दो-दो खिलाड़ी हैं। पंजाब एफसी, चेन्नइयिन एफसी और हैदराबाद एफसी का एक-एक खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल हैं। एआईएफएफ ने 'राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए' एशियाई खेलों के लिए चुने गए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने के लिए सभी 10 आईएसएल क्लबों को लिखा था। भारतीय ओलंपिक संघ ने पहले फुटबॉल टीम को इन खेलों में नहीं भेजने का फैसला किया था लेकिन एआईएफएफ ने खेल मंत्रालय से पुरुष और महिला टीमों को इस प्रतिष्ठित आयोजन में भाग लेने की अनुमति देने की अपील की। पुरुष सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की थी।

एशियाई खेलों में भाग लेने वाले ओडिशा के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए देगी राज्य सरकार

भुवनेश्वर,13 सितम्बर 2023। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि एशियाई खेलों में भाग लेने वाले राज्य के प्रत्येक खिलाड़ी को उनके प्रशिक्षण, तैयारी और प्रतिष्ठित खेल आयोजन में भागीदारी के लिए 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। एशियाई खेलों का आयोजन चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक किया जाएगा। एशियाई खेलों में ओडिशा के 13 खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें एथलेटिक्स में किशोर जेना, नौकायन में अंशिका भारती, रितु कौड़ी और सोनाली स्वैन, जू-जित्सु में अनुपमा स्वैन, कयाकिंग और कैनोइंग में नेहा देवी लीचोंडम, फुटबॉल में प्यारी ज़ाक्सा, हॉकी में दीप ग्रेस एक्का और अमित रोहिदास तथा रग्बी में डुमुनी मारंडी, तारुलता नाइक, मामा नाइक और हुपी माझी शामिल हैं।

सिमोना हालेप पर चार साल का प्रतिबंध

लंदन,13 सितम्बर 2023। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप को डोपिंग उल्लंघन के लिए पेशेवर टेनिस से चार साल के लिए निलंबित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रोमानिया की इस 31 वर्षीय महिला टेनिस खिलाड़ी पर डोपिंग के दो उल्लंघन के आरोप लगे हैं जिसमें 2022 में अमेरिकी ओपन के दौरान डोप परीक्षण में विफल होना और एथलीट जैविक पासपोर्ट में अनियमितता शामिल है।

एक पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि हालेप ने जानबूझकर डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन किया। हालेप अक्टूबर 2022 से अस्थाई रूप से निलंबित हैं। उनका चार साल का प्रतिबंध छह अक्टूबर 2026 तक चलेगा। हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 2019 में फाइनल में सेरेना विलियम्स को हराकर विंबलडन का खिताब जीता जबकि इससे एक साल पहले वह फ्रेंच ओपन चैंपियन भी बनीं।

डोपिंग उल्लंघन के लिए दूषित सप्लीमेंट को जिम्मेदार ठहराने वाली हालेप इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील करने की योजना बना रही हैं। हालेप ने एक बयान में कहा, ''मैंने ट्रेनिंग जारी रखी है और इन झूठे आरोपों से अपना नाम हटाने और कोर्ट पर लौटने के लिए हर संभवत प्रयास करूंगी।'' उन्होंने साथ ही कहा कि वह संबंधित सप्लीमेंट कंपनी के खिलाफ भी कानूनी मदद लेंगी।

साइना नेहवाल का बयान,ओलंपिक के लिए क्वॉलीफाई करना मुश्किल

संन्यास के बारे में नहीं सोच रही

नयीदिल्ली,13 सितम्बर 2023। साइना नेहवाल को पता है कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल होगा लेकिन चोटों से जूझने वाली इस भारतीय खिलाड़ी का बैडमिंटन से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह अपने करियर को नया जीवन देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

लगातार चोटिल रहने और स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण हैदराबाद की 33 वर्षीय खिलाड़ी साइना कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाई और इससे वह विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर खिसक गई। साइना ने यहां पत्रकारों से कहा,'' जब भी मैं एक या दो घंटे अभ्यास करती हूं तो मेरे घुटने में सूजन आ जाती है। मैं अपना घुटना नहीं मोड़ पाती हूं और इसलिए दूसरे सत्र के अभ्यास में भाग नहीं ले सकती। चिकित्सकों ने मुझे कुछ इंजेक्शन दिए हैं। बेशक ओलंपिक पास में है लेकिन उसके लिए क्वालीफाई करना मुश्किल है।''

उन्होंने कहा,'' लेकिन मैं वापसी के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रही हूं। फिजियो मेरी मदद कर रहे हैं लेकिन अगर सूजन कम नहीं होती तो फिर पूरी तरह फिट होने में थोड़ा समय लगेगा। मैं भी अधूरे मन से नहीं खेलना चाहती हूं और ऐसे में परिणाम भी अनुकूल नहीं आएंगे।''

गुरुग्राम में 24 सितंबर को होने वाली हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त की गई साइना ने कहा,'' अगर आपको एन सेयॉन्ग, या ताई त्जु यिंग या अकाने (यामागुची) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इसके लिए एक घंटे के अभ्यास से काम नहीं चलेगा। अगर आप इस तरह की उच्च स्तर की खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं तो आपको अपने खेल को भी उसी स्तर पर बनाए रखना होगा।''

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना ने आखिरी बार जून में सिंगापुर ओपन में भाग लिया था। उन्होंने अपना आखिरी खिताब जनवरी 2019 में मलेशिया मास्टर्स के रूप में जीता था। साइना से जब संन्यास के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा,'' वो तो सब को करना पड़ता है। ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं है। जब भी आपको लगेगा कि आपका शरीर साथ नहीं दे रहा है तो आप खेलना बंद कर दोगे।।'' उन्होंने कहा,'' लेकिन अभी मैं प्रयास कर रही हूं। एक खिलाड़ी होने के नाते कोशिश करना मेरा काम है क्योंकि मैं इस खेल से प्यार करती हूं और मैं इतने लंबे समय से खेल रही हूं।''

साइना ने कहा,'' लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो इसका मतलब है कि मैंने कितना प्रयास किया। मैंने अपनी तरफ से हर संभव कोशिश की। मेरे कहने का मतलब है कि मुझे अफसोस नहीं होना चाहिए। मेरा लक्ष्य एशियाई खेल या ओलंपिक में खेलने का नहीं है क्योंकि इन प्रतियोगिताओं में मैंने काफी कुछ हासिल किया है और निश्चित तौर पर अगर मैं खेलने में सक्षम रहती तो इससे बेहतर कर सकती थी। देखते हैं आगे क्या होता है।'' साइना ने इसके साथ ही पीवी सिंधू के बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण अकादमी में एक सप्ताह तक अभ्यास करने के फैसले का समर्थन भी किया। उन्होंने कहा,'' अगर आपको लगता है कि किसी कोच के साथ या माहौल में आपको मदद नहीं मिल रही है तो फिर कोच बदलने से मदद मिल सकती है। आपको प्रयास करने होते हैं। मैंने ऐसा किया और मैं विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनी तथा विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची।''

साइना का मानना है कि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय एशियाई खेलों में पदक जीत सकते हैं। उन्होंने कहा,'' सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं विशेषकर प्रणय ने लगातार प्रतियोगिताओं में अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। एशियाई खेलों में कड़ी चुनौती होगी लेकिन मुझे लगता है कि प्रणय अच्छी फॉर्म में है और सिंधू बड़ी प्रतियोगिताओं में हमेशा अच्छा प्रदर्शन करती रही है।

मेसी के बिना भी अर्जेंटीना ने बोलीविया को 3-0 से हराया

अर्जेंटीना,13 सितम्बर 2023। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने ला पाज के ऊंचाई वाले स्थल पर बने स्टेडियम की विषम परिस्थितियों और स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी के नहीं खेल पाने के बावजूद विश्व कप 2026 के दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग मैच में बोलीविया को 3-0 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा।

अर्जेंटीना की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले हाफ में दो गोल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर दी थी। इस बीच बोलीविया के रॉबर्टो फर्नांडीज को 39वें मिनट में लाल कार्ड मिलने से भी अर्जेंटीना का काम आसान हुआ। मेसी थकान के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में अनुभवी एंजेल डि मारिया ने टीम की अगुवाई की। डि मारिया के प्रयास से एंज़ो फर्नांडीज ने 31वें मिनट में पहला गोल किया। निकोलस टैग्लियाफिको ने 42वें मिनट में दूसरा और निको गोंजालेज ने 83वें मिनट में तीसरा गोल करके अर्जेंटीना की आसान जीत सुनिश्चित की।

उरूग्वे के पास अर्जेंटीना की बराबरी करने का मौका था लेकिन उसकी टीम इक्वाडोर से 2-1 से हार गई। इस जीत के बावजूद इक्वाडोर के शून्य अंक हैं क्योंकि कोलंबियाई मूल के डिफेंडर बायरन कैस्टिलो की जन्म संबंधी जानकारी में हेराफेरी के लिए फीफा ने उस पर तीन अंक का जुर्माना लगाया था। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अगले मुकाबले अक्टूबर में खेले जाएंगे।

एशियन गेम्स के लिए खिलाड़ियों को रिलीज नहीं करेगा मोहन बागान

कोलकाता,13 सितम्बर 2023। मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इराक के खिलाफ किंग्स कप मैच के दौरान भारतीय फिजियो द्वारा आशिक कुरुनियन की चोट को संभालने के तरीके से नाराजगी जताते हुए आगामी एशियाई खेलों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज नहीं करने का फैसला किया है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की मौजूदा चैंपियन टीम 19 सितंबर को एएफसी कप के ग्रुप चरण में अपने अभियान का आगाज करेगी। इसी दिन भारतीय टीम का हांगझोउ एशियाई खेलों में भी अभियान शुरू होगा। भारत की 22 सदस्यीय टीम में मोहन बागान दो खिलाड़ी लिस्टन कोलासो और आशीष राय शामिल है।

छब्बीस साल के कुरुनियन को सात सितंबर को इराक के खिलाफ किंग्स कप सेमीफाइनल मैच में चोट लग गयी थी। मोहन बागान के एक अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई-को बताया कि कुरुनियन के एमआरआई में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) में चोट का पता चला है और मोहन बागान इस मुद्दे के समाधान के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेगा। उन्होंने कहा, '' पांच दिनों तक उन्होंने उनकी चोट को नजरअंदाज किया और एमआरआई भी नहीं कराया। यह ऐसी चीज नहीं है जिसकी हम टीम इंडिया के फिजियो से उम्मीद करेंगे। अगर समय पर एमआरआई किया होता, तो हम पहले फिजियोथेरेपी शुरू कर चोट की गंभीरता को कम कर सकते थे।''

उन्होंने कहा, '' इस घटना के बाद हम एशियाई खेलों के लिए हमारे खिलाड़ियों को रिलीज करने की स्थिति में नहीं है।'' इस टीम अधिकारी ने आगे कहा, अगर यह चोट लंबे समय तक खिंची तो मोहन बागान मुआवजे की मांग भी कर सकता है। कोच इगोर स्टिमक की टीम 19 सितंबर को मेजबान चीन के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, इसके बाद बांग्लादेश (21 सितंबर) और म्यांमार (24 सितंबर) के खिलाफ मैच खेलेगी। यह तारीखें मोहन बागान के एएफसी कप और इंडियन सुपर लीग मुकाबलों से टकरा रही हैं। मोहन बागान ने 19 सितंबर को भुवनेश्वर में ओडिशा एफसी के खिलाफ अपना एएफसी कप ग्रुप अभियान शुरू करेगा। टीम 21 सितंबर से शुरू होने वाले आईएसएल में 23 सितंबर (पंजाब एफसी), 27 सितंबर (बेंगलुरु एफसी) और सात अक्टूबर (चेन्नइयिन एफसी) को अपने शुरुआती तीन मुकाबले खेलेगी।

द वैक्सीन वॉर का ट्रेलर जारी

द कश्मीर फाइल्स के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री फिल्म द वैक्सीन वॉर लेकर आ रहे हैं। इसका ट्रेलर 12 सितंबर को रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने हालांकि ट्रेलर को सच्ची घटना पर आधारित और मूवी को मास्टरपीस पहले ही बता दिया है। इसमें नाना पाटेकर, अनुपम खेर, रिमी सेन, गिरिजा ओक समेत अन्य कलाकार अहम भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। भारत की पहली बायो-साइंस फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना महामारी के दौरान की कहानी दिखा रही है कि कैसे भारत ने अपनी खुद की वैक्सीन बनाई थी।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत में नाना पाटेकर और पल्लवी जोशी, जो कि इस मूवी की प्रोड्यूसर हैं। वह दोनों फोन पर भारत के साइंटिस्ट के बारे में बात करते हैं। जहां पल्लवी बताती हैं कि देश के वैज्ञानिकों के पास 1 लाख रुपये भी नहीं। इसके बाद नाना पाटेकर अपने बाकी साइंटिस्ट्स के साथ मिलकर ये कहते हैं कि वह वैक्सीन बनाएंगे। वहीं, पत्रकार की भूमिला में रिमी सेन कहती हैं कि इंडिया 130 करोड़ लोगों की जान बचाने में समर्थ नहीं है। वह ऐसा नहीं कर सकती है।वैक्सीन बनाने के दौरान साइंटिस्ट्स को किन-किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। और देश की मीडिया की तरफ से इस पर क्या-क्या कहा जाता है। वह सब इस मूवी में विवेक अग्निहोत्री ने दिखाया है। हालांकि कुछ चीजें देखकर आपको भी थोड़ा समझ नहीं आएगा कि कौन किसका किरदार निभा रहा है। इस ट्रेलर में वैदिक संस्कृति से भी जोड़ने का प्रयास किया गया है। अंत में सभी महिला साइंटिस्ट्स को लगता है कि वह सभी मरने वाले हैं लेकिन नाना पाटेकर कहते हैं कि ये एक युद्द है और वो सभी सोल्जर्स।

चूहे से लेकर बंदर तक पर इस वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। उधर पत्रकार बनीं रिमी सेन कहती हैं कि एक राजा था, जो भी कर लो मरता ही नहीं था। उसकी जान एक तोते की गर्दन में अटकी थी, उसे मरोड़ दी और वो मर गया। यहां रिमी, नाना पाटेकर और उनकी वैक्सीन के बारे में बात करती हैं। हालांकि असल में ये किरदार कौन है, ये तो मूवी के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। आखिर में देश के नेता अनुपम खेर नाना पाटेकर से सवाल करते हैं कि बताओ वैक्सीन बनेगी या नहीं, तो वो कहते हैं, जरूर बनेगी और जल्द और सबसे ज्यादा सुरक्षित बनेगी। 28 सितंबर को मूवी रिलीज होगी, तब इसकी कहानी पता चलेगी। वैसे ये फुकरे 3 से क्लैश होगी। देखना दिलचस्प होगा कि कौन किसे टक्कर देगा।

मैं बिल्कुल फिल्मी शादी चाहती हूं

शफक नाज़ टीवी इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं. वह महाभारत, चिड़िया घर, कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे कई हिट शो में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से लाखों दिल जीत चुकी हैं. वहीं शफक की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वे इसे सिंपल रखना पसंद करती हैं.

इन सबके बीच बता दें कि शफक काफी समय से मस्कट बेस्ड बिजनेसमैन जीशान को डेट कर रही हैय कुछ महीने पहले खबरें आई थीं कि दोनों जल्द शादी के बंधन में बंध जाएंगे और मई 2023 में कोर्ट मैरिज करेंगेय हालांकि इसके फौरन बाद, एक और रिपोर्ट सुर्खियों में आने लगी कि एक्ट्रेस ने कुछ इश्यू की वजह से शादी तोड़ दी है. वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू में शफक ने इस बारे में खुलकर बात की और ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया.हाल ही में शफक नाज़ ने अपने ब्रेकअप की अफवाहों के बारे में खुलकर बात की. एक्ट्रेस ने कहा कि वह और उनके बॉयफ्रेंड जीशान एक दूसरे के साथ बहुत अच्छे हैं और वे अब चार साल से रिलेशनशिप में हैं. शफ़ाक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हम हमेशा अच्छे थे, और यह सब इसलिए भी हो रहा था क्योंकि मेरे और मेरे पार्टनर के लिए इतने सारे लोगों को हैंडल करना और डायजेस्ट करना बहुत मुश्किल था.

कोई भी नहीं चाहता कि उनकी शादी टल जाए लेकिन हम दोनों हैं अब अच्छा है, और यही मायने रखता है, शादी हम दोनों के लिए सिर्फ एक फॉर्मलिटी है और जब भी यह होगी, लोगों को पता चल जाएगा. मैं वह इंसान हूं जो बड़ी धूमधाम से इंडियन वेडिंग चाहती है और मैं एक ठेठ फिल्मी शादी चाहती हूं, सब कुछ एक्साइटमेंट और बिग फंक्शंस के साथ. मेरे दिमाग में, हम पहले से ही शादीशुदा हैं और मैं इससे खुश हूं.

फिल्म रान्ना च धन्ना का ऐलान

शहनाज गिल पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।करण बूलानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।अब इस बीच शहनाज ने अपनी नई पंजाबी फिल्म रान्ना च धन्ना का ऐलान कर दिया है।इसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ बनी है। इससे पहले दोनों फिल्म होंसला रख में साथ काम कर चुके हैं। रान्ना च धन्ना अगले साल 2 अक्टूबर को सिनेमागरों में रिलीज होगी।शहनाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया वरना चीज तो हम थे काम की।

फिल्म 2 अक्टूबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।रान्ना च धन्ना का निर्देशन अमरजीत सरोन द्वारा किया जा रहा है।फिल्म में सोनम बाजवा भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

शहनाज ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसमें सभी एक्टर्स का एनिमेशन नजर आ रहा है। दिलजीत दोसांझ किसी राजा जैसे नजर आ रहे हैं और उनके बगल में खड़ीं सोनम बाजवा और शहनाज गिल उनकी रानी लग रही हैं। उनके पीछे भी कुछ लोग महिलाएं दिख रही हैं। पोस्ट के साथ शहनाज ने कैप्शन में लिखा, इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया वरना चीज तो थे हम भी काम की।

शहनाज को फिलहाल इस फिल्म के लिए सोशल मीडिया पर ढेर सारी मुबारकबाद मिल रही है। एक्ट्रेस को लोग कह रहे हैं कि ये बिग बॉस की सबसे कामयाब कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। शहनाज गिल किसी का भाई किसी की जान के बाद और भी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाली हैं। हाल ही में भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में भी शहनाज गिल अपनी छाप छोड़ती नजर आएंगी। इसके अलावा एक्ट्रेस एक और फिल्म में दिखाई देंगी जिसमें जॉन अब्राहम और नोरा फतेही लीड रोल मे हैं। इस फिल्म का अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है।

40 सीटों पर नए चेहरों को दिया जाएगा मौका

2790 आवेदनों की छंटनी के बाद 273 नाम पैनल में शामिल किया गया

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। विधानसभा चुनाव में टिकट के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के कई स्तरों पर हुए मंथन के बाद तय किया गया कि पिछले चुनाव में हारे नेताओं को टिकट नहीं दिया जाएगा। प्रदेश की 90 विधानसभा सीट में से 40 पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। इसमें 50 वर्ष से कम उम्र, युवक कांग्रेस और महिला कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय उन नेताओं को मौका दिया जाएगा, जिनकी चुनाव जीतने की संभावना है। कांग्रेस ने टिकट के लिए ब्लाक स्तर पर आवेदन लिया था। यहां से आए 2790 आवेदनों की छंटनी के बाद 273 नाम पैनल में शामिल किए गए हैं।

प्रदेश चुनाव समिति और स्क्रीनिंग कमेटी अब इन नामों को केंद्रीय चुनाव समिति के पैमाने पर कसने का काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने हर सीट पर दावेदारों का पैनल तैयार करने के लिए एक फार्मेट भेजा है। उसके आधार पर सूची तैयार की जा रही है। तय फार्मेट में नाम नहीं जाने से दिक्कत यह होगी कि केंद्रीय चुनाव समिति सूची को लौटा सकती है। इस तरह की दिक्कत से बचने के लिए पूरी सावधानी बरती जा रही है। प्रदेश में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। टिकट तय करने वाली सभी कमेटियों ने माना कि जब प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में लहर थी, उस दौर में हारे नेताओं को मौका देना खतरे से खाली नहीं है।

प्रदेश चुनाव समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि जिन सीटों पर कांग्रेस को हार मिली है, वहां दो से तीन दावेदार काफी मजबूत स्थिति में हैं। कांग्रेस की संचार समिति के अध्यक्ष और राज्य सरकार के प्रवक्ता रविंद्र चौबे ने कहा कि 90 में से 40 सीटों पर नए चेहरे उतारे जाएंगे, इनमें 19 वो सीट शामिल है, जहां कांग्रेस हारी और 21 वो सीट है, जहां कांग्रेस के विधायक हैं।

स्क्रीनिंग कमेटी ने पकड़ी गड़बड़ी

प्रदेश में टिकट बंटवारे को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी ने हर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर एक-एक दावेदारों से चर्चा की। इस चर्चा के बाद यह बात सामने आई कि जिलाध्यक्षों ने पैनल बनाने में भेदभाव किया है। कई जिलाध्यक्षों ने वर्तमान विधायकों के नाम के बदले खुद का नाम पैनल में पहले नंबर पर रख दिया। इसके साथ ही सरकार के सर्वे, संगठन के तीन स्तर के सर्वे और केंद्रीय टीम के सर्वे में जिन नेताओं का नाम दूर-दूर तक नहीं है, उनका भी नाम पैनल में शीर्ष पांच में शामिल कर दिया गया। इसके बाद ही स्क्रीनिंग कमेटी ने इसमें सुधार के लिए प्रदेश चुनाव समिति को कहा और अब हर संभाग की सूची तैयार हो रही है।

टिकट घोषणा में जल्दबाजी नहीं दिखाएगी कांग्रेस

टिकट घोषणा में कांग्रेस जल्दबाजी दिखाने के मूड में नहीं है। बताया जा रहा है कि टिकट बंटने से पहले ही स्थानीय स्तर पर नाराजगी को दूर करने की कोशिश की जा रही है। हर दावेदार से प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य वन टू वन मिल रहे हैं और उनके नाराजगी के तापमान को टटोल रहे हैं। इसके साथ ही शीर्ष नेतृत्व ने एकजुटता दिखाने की कवायद भी शुरू कर दी है।

जज ने कोल घोटाले के इस आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई से किया इंकार

बिलासपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज किये गए कोल घोटाले में आरोपी सूर्यकांत तिवारी के भाई रजनीकांत तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई से जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने इंकार कर दिया है।

गौरतलब है कि 2100 करोड़ रुपये के कोल घोटाले में ईडी ने कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के भाई रजनीकांत तिवारी को भी आरोपी बनाया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जो जस्टिस पांडेय की बेंच में सुनवाई के लिए रखा गया था। जस्टिस पांडेय ने इसे सुनने से इंकार कर दिया। इसके पहले भी इसी प्रकरण में जस्टिस पांडेय सुनील कुमार अग्रवाल व सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका की सुनवाई करने से भी इंकार कर चुके हैं।

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने स्थगित की हड़ताल

» निलंबित-बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली का मिला आश्वासन

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के बाद अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है. कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि मंडल से हुई बातचीत के बाद स्वास्थ्य कर्मचारियों ने फैसला लिया.

बता दें कि स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 24 दिनों से हड़ताल पर थे. इस दौरान सरकार की ओर से स्वास्थ्य कर्मचारियों को बर्खास्त करने के साथ निलंबित करने की कार्रवाई की गई, लेकिन स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे. आखिरकार बतौर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य धरना स्थल पर पहुंचे, चर्चा के दौरान 4700 निलंबित और बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को बहाल करने के आश्वासन पर हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया.

स्वास्थ्य संयोजक संघ के अध्यक्ष टारजन गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पांच सदस्यीय दल आज धरना स्थल पहुंचा था. हमारी मांगों पर चर्चा के साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ हुई कार्रवाई को वापस लेने की आश्वासन दिया गया. आज शाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से प्रतिनिधिमंडल मुलाक़ात करने जाएगा.

टारजन ने बताया कि 24 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं. पांच सूत्रीय को लेकर हमारी स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के साथ कई दौर की चर्चा हुई थी. आज सरकार का प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल तूता पहुंचा था, जिनसे चर्चा के बाद उनकी बातों का सम्मान रखते हुए हमने हड़ताल स्थगित किया है, अभी ख़त्म नहीं हुआ है.

कार्यवाही की जाएगी शून्य

टारजन गुप्ता ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान 33 जिलों से लगभग 4700 कर्मचारियों को बर्खास्त एवं निलंबित किया गया है. कई जिलों में स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एफआईआर भी दर्ज कराया गया है. इन सभी कार्रवाई को शून्य कर बहाली करने का आश्वासन दिया गया है.

ये हैं पाँच सूत्री माँग

वेतन विसंगतियां दूर करना, कोरोना भत्ता को प्रदान करना, छुट्टी के दिनों में कार्य का भुगतान,अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था,सेटअप अनुसार भर्ती

रायपुर रेलवे स्टेशन में पटरी पर लेटे विधायक

» रेल रोको आंदोलन के दौरान हुआ हंगामा

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में बार बार ट्रेन कैंसिल करने के विरोध में कांग्रेस रेल रोको आंदोलन कर रही है. प्रदेशभर में रेल रोको आंदोलन के तहत हर छोटे बड़े स्टेशन में कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रेनें रोक रहे हैं. रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर हंगामा कर रहे हैं. रायपुर रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस ने हनुमान मंदिर के सामने प्रदर्शन शुरू किया. कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए आरपीएफ ने पहले से रेलवे स्टेशन पर बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा कड़ी कर दी थी. लेकिन सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़कर रेलवे स्टेशन के अंदर घुस गए. रेलवे ट्रैक पर लेट कर कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता प्रदर्शन करने लगे. रायपुर पश्चिम से विधायक विकास उपाध्याय रेलवे ट्रैक पर लेट गए.

बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव में भी कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रेनों को रोकने में लगे हैं. सैकड़ों कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन और आउटर पहुंचकर ट्रेनों को रोक रहे हैं. बिलासपुर में कोटा स्टेशन के पास कांग्रेसी सुबह से ट्रेन रोकने पहुंच गए. कांग्रेसियों ने तीन मालगाड़ी रोक दी और मोदी सरकार और अडानी, अंबानी के खिलाफ नारे लगाने लगे.छत्तीसगढ़ के लाखों यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी है. इसी के खिलाफ कांग्रेस रेल रोको अभियान कर विरोध जता रही है.

धर्म बदली महिला की हुई मौत

» दफनाने से मना कर रहे गांव वाले

जगदलपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे कड़मा में मंगलवार को धर्मांतरित ईसाई महिला की मौत हो गई। परिजनों द्वारा ईसाई रीति के अनुसार उसका बुधवार को कफन-दफन किया जा रहा था। गांववालों को जैसे ही इसकी जानकारी लगी, वे विरोध करने के साथ ही कफन-दफन करने से मना करने लगे। इसकी जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच मामले को सुलझाने में जुट गए, घंटों की मशक्कत के बाद मृतक के परिजनों ने मूल धर्म में वापसी करने के साथ ही हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही गई। वहीं मौके पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि मृतका के परिजनों ने 7 साल पहले ईसाई धर्म को अपना लिया था। बस्तर के तोकापाल ब्लॉक के छोटे कड़मा गांव में ईसाई महिला की मौत के बाद कफन-दफन को लेकर विवाद गहरा गया। ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों की संख्या गांव में कम है, इसलिए जैसे ही महिला की मौत के बाद विवाद की स्थिति बनी, लोगों ने पुलिस को मदद के लिए गांव में बुला लिया। सरपंच प्रतिनिधि महादेव कश्यप ने बताया कि सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों की बैठक करवाई और मामले का समाधान निकालने की कोशिश शुरू हुई।इस बीच महिला की देह उसके घर के चबूतरे पर ही पड़ी रही। पुलिस और राजस्व के अधिकारी मौके पर आए और समस्या का शीघ्र निपटारा हो सके, इस दिशा में प्रयास किया जा रहा था। मृतक के परिवार को लोगों ने घंटों समझाया, जिसके बाद मृतका के परिजनों ने बुधवार को वापस अपने धर्म में वापसी के साथ ही शव को हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही, वहीं स्थिति को देखते हुए पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ में कानून का बुरा हाल

» गैंगरेप पीड़िता को नहीं मिला रहा न्याय

कटघोरा,13 सितम्बर 2023(ए)। कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र से दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक 15 वर्षीय बालिका के साथ गांव के ही 4 युवकों ने गैंग रेप किया और कई बार उसे अपनी हवस का शिकार बनाया. आरोपियों के लगातार वहशीपन से नाबालिग पीड़िता 4 माह की गर्भवती हो गई है. नाबालिग को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा रही है. पुलिस से शिकायत के बाद भी मामले में अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और आरोपी खुले घूम रहे हैं. जिससे पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं.

पीड़िता और उसके पिता न्याय की गुहार लगाने जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा कार्यालय में पिछले डेढ़ माह से भटक रहे लेकिन अभी तक पुलिस अधीक्षक से मुलाकात नहीं हो सकी है. वहीं पीड़िता को न ही चाइल्ड हेल्प लाइन से कोई मदद मिली और न ही शासकीय अस्पताल इलाज मिल पा रहा है. अब परेशान नाबालिग बेटी और पिता ने कलेक्टर जनदर्शन में आत्महत्या करने की चेतावनी दी है. पीड़िता ने मीडिया को बताया कि, वह लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती है. वो झाड़ू पोछा लगाकर जब घर लौटती थी तो उसके गांव के ही सुनील यादव, सुनील यादव का बड़ा भाई, सचिन और राजबीर नामक चारों युवक के साथ अक्सर छेड़छाड़ किया करते थे. जब इसकी शिकायत उसने अपने पिता से की तो उसके पिता और भाई ने पाली थाना में जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई. पाली थाना में चारों युवकों ने अपनी धौंस दिखाते हुए पाली पुलिस से मिलकर पीड़िता के पिता और भाई को उल्टा अपना बचाव करते हुए झूठे मामले में फंसाते हुए 307 के तहत जेल भिजवा दिया और एक साल तक जेल में रहे. इसी दौरान पीड़िता के साथ सुनील और उसका बड़ा भाई, सचिन और राजबीर ने 7 मार्च 2023 को नाबालिग के साथ शाम 7 बजे जब वो झाड़ू-पोछा का काम कर घर लौट रही थी तभी इलाका सुनसान होने का फायदा उठाते डिपो के पास खंडहर में जाकर शराब के नशे में चारों ने उसके गले में चाकू लगाकर और उसके मुंह को बांध कर बारी बारी से उसके साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया. इस घटना के बाद नाबालिग बेहोश हो गई और रात्रि 9 बजे के आसपास उसको होश आया और जैसे तैसे वह अपने घर पहुंची थी.

छत्तीसगढ़ का सबसे लोकप्रिय पर्व पोला के लिए सजा बाजार

» मिट्टी के बैल, पोरा और चक्कियां है खास

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पारंपरिक लोक पर्व पोला तिहार 14 सितंबर मनाया जाएगा. भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार, निंदाई कोड़ाई पूरा होने के साथ फसलों के बढ़ने की खुशी में मनाया जाता है. रायपुर में आसपास के गांवों से आए खिलौनों से बाजार सज गया है. बाजार में दर्जनों कुम्हार विभिन्न प्रकार के खिलौन लेकर पहुंचे हैं. इस पर्व पर मिट्टी से बने बैल की पूजा अर्चना की जाती है. मिट्टी से बने बैल के साथ पोला-जाता के खिलौने की भी पूजा की जाती है. बाजार में पर्व के चलते लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है. छत्तीसगढ़ के अलावा, बैल पोला त्योहार महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

आज भी होती है आंचल में बेल दौड़ प्रतियोगिता (पोला तिहार)

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश माना जाता है इसलिए यह पर्व यहां खास तौर पर मनाने की पुरानी परंपरा है. पोला पर्व पर किसान अपने बैलों को नहला धुलाकर सजा-संवार कर पूजा अर्चना पश्चात गांव के बाहर मैदान में लाते हैं. जहां बैलों की दौड़ होती है। ग्रामीण अंचलों के कई स्थानों पर यह परंपरा आज भी जीवित है।

सज चुकी है दुकानें

पोला त्यौहार पर मिट्टी के बैल और खिलौने लोगों के आकर्षण का केंद्र होते हैं. इसलिए शहर की प्रमुख बाजारों में और सड़कों के किनारे मिट्टी के बैल और खिलौनों की दुकानें सज चुकी है. इस त्यौहार पर बच्चों द्वारा खेले जाने वाले मिट्टी के बैल और लड़कियों के लिए मिट्टी के बने रसोई के सेट और पोरा और चक्कियां खास होते हैं.

पोला त्यौहार में बनाये जाने वाले पकवान और व्यंजन

घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए जाते हैं. गुड़हा, चीला, अनरसा, सोहारी, चैसेला, ठेठरी, खुरमी, बरा, मुरकू, भजिया, मूठिया, गुजिया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

भूपेश बघेल बने देश के सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री

» डायरेक्ट बेनिफिट देने वाली न्याय योजनाओं से पाई लोकप्रियता

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए लागू की गई अपनी न्याय योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री साबित हुए. यह बात आईएएनएस सीवोटर एंगर इंडेक्स में सामने आई है. जिन छह राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें तेलंगाना, मध्यप्रदेश और आंध्र प्रदेश की सरकारों के खिलाफ लोगों का गुस्सा सबसे ज्यादा है।

उल्लेखनीय है कि बीते पांच वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाने वाली अनेक तरह की योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया गया है. किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की गई, जिसके तहत फसलों पर इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है. इस योजना के तहत अभी तक 21 हजार 912 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। इस योजना से 24 लाख 30 हजार किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

राज्य में हर साल धान खरीदी का नया रिकॉर्ड बना है. पिछले साल 107 लाख 53 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने के बाद इस साल भूपेश सरकार ने 125 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य रखा है। राज्य में धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी गई है।

भूपेश सरकार की गोधन न्याय योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी साबित हुई है। 02 रुपए किलो में गोबर और 04 रुपए लीटर में गौमूत्र की खरीदी कर स्व सहायता समूहों के माध्यम से जैविक खाद, जैविक कीटनाशक, प्राकृतिक पेंट, डिस्टेंपर, पुट्टी, बिजली, गोकाष्ठ सहित अनेक तरह की वस्तुओं का निर्माण किया जा रहे हैं।

इसके अलावा साग-सब्जी उत्पादन, मछली पालन, मधु पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन जैसी अनेक गतिविधियों के जरिये आय और रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन हुआ है. गोधन न्याय योजना में गोबर विक्रेताओं और स्व सहायता समूहों को अब तक 580 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 10 हजार 288 गौठानों का निर्माण कर उन्हें औद्योगिक पार्कों के रूप में विकसित किया जा रहा है। रीपा योजना के अंतर्गत 300 औद्योगिक पार्कों की स्थापना की गई है। इन पार्कों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है। इस योजना से उद्यमिता विकास के लक्ष्य को भी हासिल किया जा रहा है।

राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 05 लाख 62 हजार लोगों को हर साल 07 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। इस योजना में अब तक 758 करोड़ 03 लाख रुपए का वितरण किया जा चुका है। राज्य के आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना संचालित की जा रही है।

विभिन्न न्याय योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में पौने दो लाख करोड़ रुपए का वितरण किया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि में छत्तीसगढ़ के 40 लाख लोग गरीबी से बाहर आए हैं। बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर लगातार कई महीनों तक देश में न्यूनतम बनी रही। भूपेश सरकार की नीतियों के कारण कोरोना काल के दौरान भी राज्य की अर्थव्यवस्था गतिशील रही. सभी सेक्टरों में अच्छा ग्रोथ रहा. योजनाओं के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ शासन ने 42 हजार शासकीय पदों पर भर्तियां निकाली. 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्तियां की।

शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए हर माह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी और हिंदी माध्यम से उत्कृष्ट स्कूलों की शुरुआत की। अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट कॉलेजों की शुरुआत की। राज्य में 8 नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए पहल की, जिनमें से 4 खुल चुके हैं, और शेष 4 प्रक्रिया में है।

आज सारे प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे

रायपुर,13 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में 14 सितंबर को सारे प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। इस दिन स्कूलों में ताले लटके रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन ने इस बंद का आह्वान किया है। एसोसियेशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने मीडिया को बताया कि प्राइवेट स्कूलों का आरटीई काकरीब 250 करोड़ रुपए बाकी है। इसे देने से हिलाहवाला किया जा रहा है।

एसोसियेशन की ये है मांगे 1.पिछले 12 वर्षो से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है , इसी वर्ष से वृद्धि की जाय। 2. बसों की पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष किया जाना चाहिए . 3. निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए. 4. आर.टी.ई. की रुकी हुई प्रतिपूर्ति राशि को अविलंब स्कूलों के खाते में हस्तांतरित किया जाये 5. निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफ़एमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)